■ फाल्गुन कृष्णा - 8 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 218 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » रविवार » 03-03-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित





5 आने वाले वर्षों में होगा एक हजार से अधिक अमृत भारत ट्रेन का निर्माण : वैष्णव

6 नायक उर्बा दत्ता: घास के ढेर में छुपकर भी आतंकवादी इनके निशाने से नहीं बच पाए

7 ‘हीरामंडी’ के प्रोमो में शरारा सूट में सोनाक्षी का जलवा




## फर्स्ट टेक

### ईडी ने धनशोधन जांच के तहत चेन्नई में छापेमारी की

**चेन्नई/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित जमीन हड़पने और नौकरशाही नियुक्तियों में रिश्वत लेने के मामले में धनशोधन जांच के तहत शनिवार को चेन्नई में राजनीतिक रूप से जुड़े कुछ लोगों के खिलाफ छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रवर्तन निदेशालय के सूत्रों ने कहा कि छापेमारी देर शाम शुरू की गई और चेन्नई में लगभग आठ से नौ परिसरों को धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत कवर किया जा रहा है।

### ईरान के संसदीय चुनाव में कट्टरपंथियों को बढ़त

**दुबई/एपी।** ईरान में संसदीय चुनाव संपन्न होने के एक दिन बाद राजधानी तेहरान में जारी शुरुआती मतगणना में कट्टरपंथियों ने बढ़त बना ली है। सरकारी मीडिया ने शनिवार को इस संबंध में जानकारी दी। सरकार संचालित इरना समाचार एजेंसी और सरकारी टेलीविजन ने कहा कि तेहरान में 5,000 मतपत्रों में से 1,960 की अब तक गिनती हुई है। इसने प्रति घंटे अद्यतन की जा रही गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के आधार पर यह जानकारी दी। अधिकारियों ने अब तक कुल मतदान प्रतिशत जारी नहीं किया है। हालांकि, इरना ने अनाधिकारिक रिपोर्ट के आधार पर इसे 41 प्रतिशत बताया है।

### मस्क ने ओपनएआई के खिलाफ मुकदमा दायर किया

**सेन फ्रांसिस्को/एजेन्सी।** एलन मस्क ने ओपनएआई के खिलाफ कानूनी मामला शुरू करते हुए मुकदमा दायर किया है। वर्ष 2015 में ओपनएआई को स्थापित करने में मदद करने वाले मस्क ने इसके कर्ताधर्ताओं पर विश्वासघात का आरोप लगाया था और 2018 में इस कंपनी से नाता तोड़ लिया था। मस्क ने अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को की अदालत में दायर मुकदमे के दस्तावेजों में तर्क दिया कि फर्म ओपनएआई अब सॉफ्टवेयर दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट की सहायक कंपनी है , जो उनके साथ हुए अनुबंध का उल्लंघन है। उन्होंने कई बार माइक्रोसॉफ्ट पर ओपनएआई को नियंत्रित करने का आरोप लगाया है, हालांकि दोनों कंपनियों ने उनके इस दावे को खारिज किया है।

### इजरायल के हमलों में मरने वाले फिलिस्तानियों की संख्या 30,320 हुई

**गाजा/एजेन्सी।** हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 30,320 हो गई है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान, इजरायली सेना ने 92 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 156 अन्य को घायल कर दिया। इसके बाद सात अक्टूबर, 2023 को इजरायल-हमास के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 30,320 हो गई और 71,533 लोग घायल हुए हैं। मंत्रालय ने बताया कि इनमें से 15 की मौत दीर अल-बलाह शहर के अल-अक्सा अस्पताल में इजरायली हवाई हमले के कारण हुयी। हवाई हमले के जरिए इजरायल ने दो घरों को निशाना बनाया। वहीं दो लोगों की मौत उत्तरी गाजा पट्टी के जबालिया में एक घर को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमले में हुयी।

| 03-03-2024 | 04-03-2024 |
|---|---|
| सूर्यास्त 6:28 बजे | सूर्योदय 6:33 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 73,806.15 | 22,378.40 |
| (+1,305.85) | (+395.60) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,459 रु. | 72,245 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

# भाजपा की पहली सूची जारी, मोदी फिर वाराणसी से लड़ेंगे

## 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी



■ पार्टी की पहली सूची में 28 महिलाएं और 47 युवा शामिल हैं जबकि 27 उम्मीदवार अनुसूचित जाति से, 18 अनुसूचित जनजाति से और 57 अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं।

■ अमित शाह गांधीनगर और राजनाथ सिंह लखनऊ से चुनाव लड़ेंगे।

■ मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा से और ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्य प्रदेश के गुना से उम्मीवार होंगे

■ सूची में उत्तर प्रदेश की 51 सीट, पश्चिम बंगाल की 20, मध्य प्रदेश की 24, गुजरात और राजस्थान की 15-15 सीट, केरल और तेलंगाना की 12-12 सीट, झारखंड, छत्तीसगढ़ और असम की 11 सीट तथा दिल्ली की पांच सीट सहित कुछ अन्य प्रदेशों व केंद्र शासित प्रदेशों के उम्मीदवार की घोषणा की गई है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर वाराणसी से, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गांधीनगर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ से चुनाव लड़ेंगे।

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा और मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी की मौजूदगी में ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। इस सूची में 34 केंद्रीय मंत्रियों के नाम शामिल हैं जबकि तीन मंत्रियों के टिकट काट दिए गए है।

विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी का टिकट काटकर उनकी जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को उम्मीदवार बनाया गया है जबकि अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में राज्यमंत्री जॉन बारला की जगह अलीपुरद्वार से विधायक मनोज तिग्गा को पार्टी ने टिकट दिया है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री रामेश्वर तेली का डिब्रूगढ़ से टिकट काट दिया गया है और उनकी जगह केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनावाल को उम्मीदवार बनाया गया है। सोनोवाल वर्तमान में राज्यसभा के सदस्य हैं।

इस सूची में दो पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और विप्लब देब के अलावा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का भी नाम शामिल है। बिरला एक बार फिर कोटा से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। चौहान विदिशा से जबकि देब त्रिपुरा पश्चिम सीट से चुनाव लड़ेंगे।

पार्टी की पहली सूची में 28 महिलाएं और 47 युवा शामिल हैं जबकि 27 उम्मीदवार अनुसूचित जाति से, 18 अनुसूचित जनजाति से और 57 अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं।

सूची में उत्तर प्रदेश की 51 सीट, पश्चिम बंगाल की 20, मध्य प्रदेश की 24, गुजरात और राजस्थान की 15-15 सीट, केरल और तेलंगाना की 12-12 सीट, झारखंड, छत्तीसगढ़ और असम की 11 सीट तथा दिल्ली की पांच सीट सहित कुछ अन्य प्रदेशों व केंद्र शासित प्रदेशों के उम्मीदवार की घोषणा की गई है।

दिल्ली की सूची सबसे अधिक चौंकाने वाली रही। पार्टी ने लेखी के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन, दक्षिणी दिल्ली से सांसद रमेश विधूड़ी, उत्तरी दिल्ली से पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश साहिब सिंह वर्मा के टिकट काट दिए हैं। बिधूड़ी ने पिछले दिनों संसद में बसपा के सांसद दानिश अली के लिए आपत्तिजनक टिप्पणियां की थी। पार्टी ने उत्तर पूर्व के सांसद मनोज तिवारी को फिर से टिकट दिया है।



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शनिवार को बेंगलूरु में रामेश्वरम कैफे विस्फोट स्थल का दौरा किया।

### रामेश्वरम कैफे में हुए

## आईईडी विस्फोट के संबंध में चार लोगों को हिरासत में लिया गया

### सभी जगह सतर्कता बढाई गई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** बेंगलूरु के एक रेस्तरां में शुक्रवार को हुए कम तीव्रता वाले बम विस्फोट के सिलसिले में पूछताछ के लिए चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इससे पहले, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शनिवार को कहा कि इस वारदात को अंजाम देने वाले अपराधी की गतिविधियां कैमरों में दर्ज हो गई हैं जिनकी मदद से उसे पकड़ना आसान होगा। उन्होंने कहा कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि पूर्वी बेंगलूरु के ब्रुकफील्ड इलाके में स्थित रेस्तरां में हुई घटना में क्या कोई संगठन शामिल है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मामले की जांच कर रही केंद्रीय अपराध शाखा के अधिकारी धारवाड़, हुब्बल्ली और बेंगलूरु से हिरासत में लिए गए चार लोगों से ''विस्तार से'' पूछताछ कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा, ''विस्फोट हुआ है। मास्क और टोपी पहने एक व्यक्ति बस से आया। उसने कैफे के काउंटर से ‘रवा इडली’ खरीदी और एक जगह बैठ गया। फिर उसने टाइमर सेट किया और चला गया। विस्फोट हुआ है और करीब नौ लोग (असल में 10) लोग घायल हुए हैं। सभी खतरे से बाहर हैं।''

बेंगलूरु शहर के आयुक्त बी. दयानंद ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को रामेश्वरम कैफे में हुए आईईडी विस्फोट के संबंध में जांच तेजी से जारी है। दयानंद ने कहा, कई दल अब तक मिले विभिन्न सुरागों पर काम कर रहे हैं।

## ‘चीन के साथ संबंधों में सुधार के लिए सीमा पर शांति होना जरूरी है’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से जारी सैन्य गतिरोध के बीच शनिवार को कहा कि चीन को सीमा प्रबंधन समझौतों का पालन करना चाहिए और भारत-चीन संबंधों में सुधार के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति का माहौल होना चाहिए। जयशंकर ने एक ‘थिंकटैंक’ के संवाद सत्र में कहा कि मोदी सरकार सीमा पर बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रही है और अंततः भारत और चीन के बीच संबंधों में संतुलन होना चाहिए।

जयशंकर ने चीन से निपटने को लेकर एक व्यापक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि भारत ने अतीत में अंतरराष्ट्रीय संबंधों का उतना प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं किया, जितना वह कर सकता था।

विदेश मंत्री ने चीन से उत्पन्न चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए प्रौद्योगिकी और आपूर्ति शृंखला के क्षेत्रों समेत विभिन्न क्षेत्रों में एक मजबूत देश बनने की भारत की आवश्यकता को रेखांकित किया।

जयशंकर ने कहा, एक संतुलन होना चाहिए और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति होनी चाहिए, जो समझौते हुए हैं उनका पालन करना होगा।

## पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम में इस्तेमाल के लिए ले जाई जा रही खेप जब्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




मुंबई/भाषा। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने चीन से कराची जा रहे एक जहाज को इस संदेह में मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह पर रोक दिया कि इसमें दोहरे उपयोग वाली खेप थी जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए किया जा सकता था। शनिवार को यहां अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीमा शुल्क अधिकारियों ने खुफिया जानकारी के आधार पर 23 जनवरी को कराची जा रहे माल्टा का ध्वज लगे व्यापारिक जहाज ‘सीएमए सीजीएम अत्तिला’ को बंदरगाह पर रोका और निरीक्षण के दौरान पता चला कि खेप में इटली में निर्मित एक कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल (सीएनसी) मशीन थी, यह मशीन कंप्यूटर से चलती है और सटीकता व दक्षता के लिए जानी जाती है।

## तीसरी बार काशी की जनता की सेवा करने के लिए तत्पर हूं : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए वाराणसी से एक बार फिर उम्मीदवार बनाए जाने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि वह तीसरी बार काशी की जनता की सेवा करने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने ‘एक्स’ पर सिलसिलेवार पोस्ट में यह भी कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सुशासन के आधार पर जनता से वोट मांगने जा रहा है। साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि उन्हें देश की जनता का फिर एक बार आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने कहा, ''मैं भाजपा नेतृत्व को धन्यवाद देता हूं और करोड़ों नि:स्वार्थ पार्टी कार्यकर्ताओं को नमन करता हूं कि उन्होंने मुझ पर निरंतर विश्वास किया। मैं तीसरी बार काशी की अपनी बहनों और भाइयों की सेवा करने के लिए तत्पर हूं।''



## वंचित वर्गों को ढाल के रूप में इस्तेमाल करते हैं कांग्रेस और राजद : मोदी

**बेगूसराय/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को बिहार में कांग्रेस-राष्ट्रीय जनता दल (राजद) गठबंधन पर अपनी वंशवादी राजनीति और भ्रष्टाचार को सही ठहराने के लिए दलितों और समाज के अन्य वंचित वर्गों को ढाल के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। बेगुसराय में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने पिछली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में रेल मंत्री रहे राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के कार्यकाल में नौकरियों के बदले भूमि घोटाले को लेकर कटाक्ष करते हुए कहा कि कहा कि बिहार की जनता ने देखा है कि 2014 से पहले रेलवे के संसाधनों को कैसे लूटा गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-राजद गठबंधन ‘सामाजिक न्याय के साथ विश्वासघात’ का दोषी है और जोर देते हुए कहा कि उनकी सरकार ने सामाजिक उत्थान किया, जिसने सभी की प्रगति के लिए काम किया।

मोदी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सामाजिक न्याय का ’सच्चा हितैषी’ बताया।


## निजामाबाद पीएफआई मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भारत-विरोधी आतंकी साजिश से जुड़े निजामाबाद पीएफआई मामले में एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसकी गिरफ्तारी पर दो लाख रुपए का इनाम है। एक प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के तेलंगाना उत्तर का सचिव रहा अब्दुल सलीम इस मामले में गिरफ्तार होने वाला 15वां आरोपी है। यह मामला मूल रूप से तेलंगाना पुलिस ने जुलाई 2022 में निजामाबाद पुलिस थाने में दर्ज किया था और उसी साल अगस्त में एनआईए ने इसे अपने हाथ में ले लिया था। प्रवक्ता ने कहा कि पीएफआई और उसके कैडरों की साजिश 2047 तक भारत को एक इस्लामिक राष्ट्र बनाने की थी।

## प्ले स्टोर से कई भारतीय ऐप गायब

**नई दिल्ली/भाषा।** इंफो एज (इंडिया) लिमिटेड ने शनिवार को कहा कि उसके मोबाइल ऐप को गूगल प्ले स्टोर से हटा दिया गया है। इनमें नौकरी डॉट कॉम, 99 एकड़ डॉट कॉम और शिक्षा डॉट कॉम शामिल हैं। इससे एक दिन पहले गूगल ने सेवा शुल्क भुगतान पर विवाद को लेकर भारत में अपने प्ले स्टोर से कुछ लोकप्रिय ऐप सहित अन्य ऐप को हटाना शुरू कर दिया था।

## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरुजी, आप की वाणी मुझे बहुत मिलीजुली सी लगती है इसलिए सीधा ही पूछ रहा हूँ कि क्या सहज स्मृति योग विश्व के प्राचीनतम कहे जाने वाले धर्म, सनातन धर्म से अलग हैं?

**उत्तर:** प्राचीनतम अथवा नवीनतम कहने से सनातन के काल-आबद्ध होने का संकेत होता है। ना तो सहजता ना ही स्मृति और ना ही योग काल आबद्ध है। वे सतत वर्तमान और सनातन विद्यमान है। यदि इन्हें आप सनातन कह रहे हैं तो निस्संदेह यह वही है। सहज स्मृति योग की मूल देह, मूल लक्ष्य और मूल स्रोत तीनों ही सनातन हैं। यह बस है। अन्य सब जो प्रकट होता है वह समाप्त भी हो जाता है चाहे जितना नूतन हो या चाहे जितना प्राचीन, किंतु सनातन का अर्थ आदि-अंत रहित होना है इसलिए अंतत: सब इसी सर्वव्यापी धर्म की शरण में आते हैं और, जा ही कहां सकते हैं! पर इसकी सहज अखण्ड स्मृति किसे रहती है? जिसे पूरी स्मृति ही नहीं उसकी भूल, भूल है या मात्र भूल ना है ? विचार कीजिए। और भूलने या भूल जाने पर किसका वश है? उसके लिए क्षमा माँगने का प्रश्न ही कहाँ उठता है?

# सरकार विकास परियोजनाओं को लागू करने में राजनीति नहीं करेगी : शिंदे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बारामती/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कहा कि सरकार विकास परियोजनाओं को लागू करने में राजनीति नहीं करेगी। उन्होंने राकांपा (एसपी) के नेता शरद पवार की उपस्थिति में बारामती में एक रोजगार मेले को संबोधित करने के दौरान यह बात कही।

उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने पवार परिवार के गढ़ बारामती में कुछ विकास कार्यों के लिए अपने समकक्ष अजित पवार की प्रशंसा की, जो मंच पर मौजूद थे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजित पवार मंच पर अपने चाचा से दो कुर्सी की दूरी पर बैठे थे। अजित पवार गत जुलाई में शरद पवार के खिलाफ बगावत कर शिंदे नीत राज्य सरकार में शामिल हो गए थे।

राज्य सरकार द्वारा आयोजित 'नमो रोजगार मेला 2024' के उद्घाटन में शरद पवार की मौजूदगी के बाद कई अटकलों पर विराम भी लगता नजर आया क्योंकि शुरुआत में उनका नाम आमंत्रित लोगों की सूची में शामिल नहीं था। इसके बाद उन्होंने शिंदे, फडणवीस और अजित पवार को बारामती में अपने आवास पर भोजन के लिए आमंत्रित किया।

शिंदे और फडणवीस ने व्यस्त कार्यक्रम का हवाला देकर भोजन के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया, जबकि अजित पवार इस बारे में चुप्पी साधे रहे। शिंदे ने कहा, नमो रोजगार मेला बहुत बड़े पैमाने पर आयोजित किया गया है। हमारी



पहली ऐसी सरकार है जो चयनित उम्मीदवारों को सीधे नियुक्त कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य परिवहन बसों के लिए नए डिपो और नए पुलिस आयुक्तालय भवन सहित बारामती में कई परियोजनाओं का आज उद्घाटन किया गया।

फडणवीस ने कहा कि बारामती के विधायक अजित पवार ने निर्वाचन क्षेत्र में बहुत अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा, नई इमारतें, विशेष रूप से पुलिसकर्मियों के लिए, बहुत परिष्कृत दिखती हैं। नई पुलिस इमारत एक कॉर्पोरेट कार्यालय जैसी दिखती है। मुझे लगता है कि सरकारी इमारतों को एक नया रूप मिलना चाहिए।

मंच पर अजित पवार की चचेरी बहन और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले भी मौजूद थीं। ऐसी अटकलें हैं कि अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार आगामी लोकसभा चुनाव में सुले के खिलाफ बारामती से चुनाव लड़ेंगी।

## बारामती में 'नमो रोजगार मेले' में शामिल हुए शरद पवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बारामती/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार के प्रमुख शरद पवार शनिवार को बारामती में 'नमो रोजगार मेला 2024' के उद्घाटन के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के साथ मौजूद थे। बारामती पवार का गढ़ माना जाता है।

शरद पवार का नाम इस रोजगार मेले के लिए आमंत्रित व्यक्तियों की सूची में शुरू में शामिल नहीं था लेकिन इसमें राकांपा संस्थापक की मौजूदगी ने सभी अटकलों पर विराम लगा दिया। शरद पवार ने इस कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री शिंदे और उपमुख्यमंत्री फडणवीस तथा अजित पवार को आवास पर भोजन के लिए बुलाया। शिंदे और फडणवीस ने व्यस्त कार्यक्रम का हवाला देकर भोजन के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया, जबकि अजित पवार जाएंगे या नहीं इसकी जानकारी नहीं है। मुख्यमंत्री शिंदे ने विधानमंडल सत्र की समाप्ति के बाद संवाददाताओं से कहा था, हमारा (शनिवार को) व्यस्त कार्यक्रम है क्योंकि बारामती कार्यक्रम के बाद हमें अहमदाबाद जाना है। मैंने उनसे (शरद पवार) कहा कि अगली बार बारामती दौरे पर मैं उनसे मिलने आऊंगा।

निमंत्रण मिलने और उसे अस्वीकार किए जाने को अधिक तवज्जो नहीं देते हुए शिंदे ने कहा, यदि कोई आपके घर के करीब आता है, तो आप उसे आमंत्रित करने के लिए बाध्य हैं। शरद पवार को विपक्षी दलों के हंगामे के बाद रोजगार मेले के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित किया गया था क्योंकि उन्होंने 1960 के दशक से सांसद या विधायक के रूप में बारामती का प्रतिनिधित्व किया है। वह वर्तमान में राज्यसभा सदस्य हैं। नमो रोजगार मेला 2024 में भाग लेने वाले अन्य लोगों में राज्य के मंत्री दिलीप वलसे पाटिल, उदय सामंत के अलावा बारामती से लोकसभा सदस्य और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले शामिल थीं।



## अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है, नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि : न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है और एक नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि है। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के इससे संबंधित मामलों पर शीघ्रता से फैसला नहीं करने से व्यक्ति इस बहुमूल्य अधिकार से वंचित हो जाएगा।

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह टिप्पणी यह देखने के बाद की कि बंबई उच्च न्यायालय ने 29 जनवरी को शीर्ष अदालत के आदेश के बाद महाराष्ट्र में एक पार्षद की हत्या के मुख्य आरोपी अमोल विट्ठल वाहिले को जमानत दे दी है। पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा कि इस प्रकार यह स्पष्ट है कि 29 जनवरी, 2024 को इस अदालत के आदेश पारित करने से पहले, उच्च न्यायालय ने जमानत याचिका पर गुण-दोष के आधार पर फैसला करने के बजाय इसे किसी न किसी आधार पर खारिज कर दिया था। अदालत ने कहा, यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है क्योंकि नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि है। किसी नागरिक की स्वतंत्रता से संबंधित मामले पर शीघ्रता से निर्णय न लेना और मामले को किसी न किसी पर टाल देने से व्यक्ति भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीशुदा बहुमूल्य अधिकार से वंचित हो जाएगा। पीठ ने कहा कि उसे बंबई उच्च न्यायालय में ऐसे कई मामले देखने को मिले हैं जिनमें जमानत और अग्रिम जमानत आवेदनों पर शीघ्रता से फैसला नहीं किया जा रहा है। पीठ ने ऐसे ही एक मामले का जिक्र करते हुए कहा कि इस मामले में अग्रिम जमानत की अर्जी पर चार वर्ष से अधिक समय तक फैसला नहीं किया गया।

## अनुच्छेद-370 हटने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के पहले श्रीनगर दौरे की तैयारी में जुटी भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सात मार्च को प्रस्तावित कश्मीर दौरे की तैयारियों को अंतिम रूप दे रही है। जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद-370 के कुछ प्रावधानों के 2019 में निरस्त होने के बाद से मोदी की यह पहली कश्मीर यात्रा होगी। भाजपा नेताओं का कहना है कि मोदी की रैली में करीब एक लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री मोदी यहां बख्शी स्टेडियम में रैली को संबोधित करेंगे। रैली की तैयारियों और व्यवस्थाओं पर चर्चा के लिए यहां भाजपा की बैठक हुई। भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने कहा, मोदी की रैली की तैयारियों पर चर्चा हुई। पार्टी के विभिन्न विभागों को अलग-अलग कार्य दिए गए और



पार्टी नेताओं को लोगों को संगठित करने के लिए कहा गया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, यह एक विशाल रैली होगी और इसमें जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों से लोग शामिल होंगे। प्रधानमंत्री को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल पर आएंगे। अल्ताफ ठाकुर ने कहा कि चार मार्च को यहां एक बैठक में भाजपा महासचिव और जम्मू-कश्मीर के प्रभारी तरुण चुघ रैली के लिए पार्टी की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और कश्मीर संभाग के प्रभारी सुनील शर्मा ने बैठक के बाद कहा कि यह एक बड़ी रैली होगी। सुनील शर्मा ने कहा, आज हमने सभी जिला अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बुलाया था।

## अयोध्या में विक्रमादित्य घाट, धर्मशाला बनवाना चाहती है मप्र सरकार : मुख्यमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**उज्जैन/भाषा।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार उत्तर प्रदेश के अयोध्या में एक धर्मशाला और प्राचीन नगरी उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर सरयू नदी के किनारे एक घाट बनवाने पर विचार कर रही है।

यादव ने उज्जैन में संवाददाताओं से कहा कि वह अपने मंत्रिमंडल के साथ चार मार्च को भगवान राम के नवनिर्मित मंदिर के दर्शन के लिए अयोध्या जाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार कोशिश करेगी कि अयोध्या जाने वाले मध्यप्रदेशवासियों की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश की इस धार्मिक नगरी में एक धर्मशाला बनवाई जाए। यादव ने कहा, भगवान राम से मध्यप्रदेश का विशेष संबंध है। सम्राट विक्रमादित्य ने करीब दो हजार वर्ष पहले अयोध्या में भव्य मंदिर बनवाया था। अयोध्या के कुल 43 मंदिरों का निर्माण विक्रमादित्य के आदेश पर हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा, अगर अयोध्या में सरयू के किनारे हमें जमीन मिल गई, तो हमारी सरकार इस नदी के तट पर विक्रमादित्य घाट भी बनवाएगी।

## सरकार ने परीक्षण से गुजर रहे एआई को तैनात करने से पहले उपयोगकर्ताओं की मंजूरी लेने को कहा

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने सोशल मीडिया और अन्य मंचों के लिए एक परामर्श जारी कर परीक्षण से गुजर रहे एआई को तैनात करने से पहले उपयोगकर्ताओं की मंजूरी लेने को कहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में सवालों पर गूगल के एआई मंच के जवाब से विवाद पैदा होने के कुछ दिनों बाद यह परामर्श जारी किया गया।

परामर्श में परीक्षण से गुजर रहे एआई पर इस बात की सूचना देने और गैरकानूनी होस्टिंग को रोकने की बात भी कही गई। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक मार्च को जारी इस परामर्श में अनुपालन नहीं करने पर आपराधिक कार्रवाई की चेतावनी दी। इसमें कहा गया कि सभी मंचों, मध्यस्थों और सक्षम सॉफ्टवेयर को किसी भी उल्लंघन के लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर एक सवाल के जवाब में एआई टूल 'जैमिनी' की आपत्तिजनक प्रतिक्रिया और पूर्वाग्रह को लेकर गूगल को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। इस पर केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने चेतावनी दी थी कि प्रधानमंत्री से जुड़े सवाल पर गूगल के एआई टूल जैमिनी की प्रतिक्रिया आईटी नियमों के साथ ही आपराधिक संहिता के कई प्रावधानों का सीधा उल्लंघन है। जैमिनी से जब इसी तरह का सवाल ट्रंप या जेलेंस्की के बारे में पूछा गया, तो उसने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। गूगल ने अपनी सफाई में कहा कि जैमिनी अभी परीक्षण के दौर से गुजर रहा है और कंपनी ने इस मुद्दे को हल करने के लिए तेजी से काम किया है।

## हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी, बारिश के कारण चार राष्ट्रीय राजमार्गों समेत 350 सड़कें बंद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी से लाहौल एवं स्पीति तथा किन्नौर जिलों में आम जनजीवन प्रभावित हुआ है, जबकि राज्य में चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 350 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं।

राज्य के मध्य और निचले पहाड़ी इलाकों में रुक-रुककर बारिश हुई, जबकि शिमला में मौसम कार्यालय ने शनिवार को 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के साथ-साथ आकाशीय बिजली, ओलावृष्टि और अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश के साथ तूफान संबंधी 'रेड' अलर्ट जारी



किया गया है। चंबा, किन्नौर और लाहौल एवं स्पीति जिलों के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी के कारण सड़कें बंद हो गईं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, लाहौल एवं स्पीति में सबसे ज्यादा 290, किन्नौर में 32, मंडी में 10, चंबा में आठ, कुल्लू में सात, शिमला में दो और कांगड़ा में एक सड़क यातायात के लिए बंद है। शिमला जिले का दूरस्थ डोडरा क्वार उपमंडल राज्य के बाकी हिस्सों से कट गया है और पत्थरों के गिरने के कारण शिमला-किन्नौर मार्ग नेगुलसारी के पास अवरुद्ध हो गया है। भारी बर्फबारी के कारण रोहतांग दर्रा भी बंद हो गया है। लाहौल एवं स्पीति के गोंडला में 61.2 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई, जो राज्य में सबसे अधिक है। वहीं, कुकुमसेरी में 58 सेमी, केलांग में 53 सेमी, कल्पा में 51.7 सेमी, खदराला में 16 सेमी और सांगला में 11.2 सेमी बर्फबारी हुई।

हालांकि, मनाली में 84 मिलीमीटर बारिश के साथ ही बंजार में 80.2 मिमी, सियोबाग में 77.4 मिमी, रिकांग पियो में 48 मिमी, भरमौर में 47 मिमी और रामपुर तथा चंबा में 45-45 मिमी बारिश दर्ज की गई।

मौसम विज्ञान केंद्र, शिमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने कहा कि राज्य भर में बर्फबारी और बारिश रविवार तक जारी रहेगी।

## दिल्ली में पालतू पिटबुल के हमले में सात वर्षीय लड़की घायल

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय राजधानी में कुत्तों के हमले की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब शाहदरा के जगतपुरी इलाके में एक पालतू पिटबुल के हमले में सात वर्षीय लड़की घायल हो गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि लड़की शुक्रवार शाम को अपने घर के बाहर खेल रही थी तभी कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया और उसे घसीटकर ले जाने लगा। स्थानीय लोगों ने किसी तरह उसे बचाया। उन्होंने बताया कि लड़की की मां उसे एक अस्पताल लेकर गई और उसकी हालत अब खतरे से बाहर बतायी जा रही है। पुलिस ने बच्ची की मां का बयान दर्ज कर लिया है और घटनाक्रम का पता लगाने के लिए इलाके की सीसीटीवी फुटेज की मदद ली जा रही है। पुलिस ने बताया कि कुत्ते के मालिक शिवानंद भास्कर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 289 (पशुओं के संबंध मे लापरवाहीपूर्ण कृत्य) और 337 (अन्य लोगों की जान या निजी सुरक्षा खतरे में डालकर नुकसान पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

## हिमाचल प्रदेश की तरह बिहार में भी हो पाला बदलने वाले विधायकों पर कार्रवाई : राजद



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** बिहार की मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने वाले कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के फैसले की सराहना करते हुए शनिवार को उम्मीद जताई कि राज्य में पाला बदलने वालों के खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।

राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य मनोज कुमार झा ने पार्टी के पांच विधायकों के पाला बदलने का जिक्र करते हुए कहा, दल-बदलुओं की संख्या बिहार विधानसभा में पार्टी की कुल संख्या का दो-तिहाई नहीं है। इसलिए सदन में उनकी सदस्यता कायम नहीं रह सकती। झा ने कहा, हिमाचल प्रदेश में पाला बदलने वालों को जिन आधारों पर अयोग्य घोषित किया गया है वैसी ही स्थिति बिहार में भी है। हम सदन अध्यक्ष से यहां इस पर ध्यान देने और उचित कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं। अगर वह ऐसा नहीं करते तो हम कानूनी सहारा लेंगे। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और बड़े व्यापारिक घरानों पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए राजद प्रवक्ता ने आरोप लगाया, हमारे नेता तेजस्वी यादव को मनोवैज्ञानिक नुकसान पहुंचाने के लिए गुजराती 'मनीबैग' को खुला छोड़ दिया गया है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
उपलब्ध
PURVA BLUE BELLE
Adjacent to Magadi Road Metro Station
(Purple lane) Rajajinagar
3 Bedroom Jodi units
5 Bedroom + Servant room with all Luxurious Amenities.
Direct metro from here to ITPL (white field) / KR PURAM/ BYYAPPANAHALLI .
Very good Convenience those who are working above areas.
Only few units left for Sale.
Contact Owner: 9844027560

## भाजपा के लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची में शिवराज और सिंधिया का नाम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भोपाल। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की जिसमें मध्य प्रदेश से 24 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। पार्टी की पहली सूची में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हैं, जबकि भोपाल से मौजूदा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर की जगह आलोक शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है।

पिछले साल के विधानसभा चुनावों में भाजपा को चौहान ने जीत दिलाई, फिर भी उनकी जगह मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाया गया। वह विदिशा से लोकसभा के लिए अपना छठा चुनाव लड़ेंगे। इस सीट का प्रतिनिधित्व दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी (1991) सुषमा स्वराज (2009 और 2014)जैसे भाजपा के दिग्गजों ने और समाचार पत्र प्रकाशक रामनाथ गोयनका (1971) ने किया है। पार्टी ने मौजूदा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर के स्थान पर भोपाल से पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है। ठाकुर मालेगांव विस्फोट मामले में आरोपी हैं और अपने बयानों के कारण कई बार विवादों में घिर चुकी हैं। ठाकुर ने 2019 में कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह को 3.65 लाख वोटों के अंतर से हराया था। भाजपा ने छिंदवाड़ा से अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया। कुछ दिनों पहले तक ऐसी अटकलें थीं कि कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ और उनके बेटे व मौजूदा सांसद नकुल नाथ पाला बदलने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, दोनों ने इस बात से इनकार किया कि वे भाजपा में शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते और वीरेंद्र सिंह खटीक को उनके वर्तमान निर्वाचन क्षेत्रों से मैदान में उतारा गया है। भाजपा ने 2019 के आम चुनाव में मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से 28 पर जीत हासिल की थी। पार्टी ने शनिवार को मध्यप्रदेश की 24 सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की जिनमें से 13 मौजूदा सांसद हैं जबकि 11 सीट के लिए नए उम्मीदवारों की घोषणा की गई। जिन सीट पर नए उम्मीदवारों की घोषणा की गई उनमें मुरैना, ग्वालियर, सागर, भोपाल, दमोह, सीधी, जबलपुर, होशंगाबाद, रतलाम, विदिशा और गुना शामिल हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा ने जिन मौजूदा सांसदों को दोबारा मौका दिया गया उनमें भिंड (संध्या राय), टीकमगढ़ (केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार), खजुराहो (प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी डी शर्मा), सतना (गणेश सिंह), रीवा (जनार्दन मिश्रा), शहडोल (हिमाद्री सिंह), मंडला (केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते), राजगढ़ (रोडमल नगर), देवास (महेंद्र सिंह सोलंकी), मंदसौर (सुधीर गुप्ता), खरगोन (गजेंद्र पटेल), खंडवा (ज्ञानेश्वर पाटिल) और बैतूल (दुर्गादास उइके)शामिल हैं।

## छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोस सीटों पर उम्मीदवार हुए तय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। भाजपा की सूची में एक पूर्व सांसद और एक पूर्व विधायक समेत तीन महिला उम्मीदवारों का नाम शामिल है। भाजपा ने बृजमोहन अग्रवाल (रायपुर सीट), संतोष पांडेय (राजनांदगांव), विजय बघेल (दुर्ग), सरोज पांडेय (कोरबा), चिंतामणि महाराज (सरगुजा), कमलेश जांगड़े (जांजगीर), राधेश्याम राठिया (रायगढ़), तोखन साहू (बिलासपुर), रूपकुमारी चौधरी (महासमुंद), महेश कश्यप (बस्तर) और भोजराज नाग (कांकेर) को अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने रायपुर, महासमुंद, कांकेर और जांजगीर सीट पर मौजूदा सांसदों का टिकट काट दिया।

राज्य में आठ बार के विधायक और पार्टी के तेजतर्रार नेता अग्रवाल मौजूदा विष्णु देव साय सरकार में मंत्री हैं। वह 1990 से विधानसभा चुनावों में लगातार जीत हासिल कर रहे हैं। पार्टी ने दो मौजूदा सांसदों विजय बघेल (दुर्ग) और संतोष पांडेय (राजनांदगांव) को फिर से अपना उम्मीदवार बनाया है। राज्य में प्रभावशाली कुर्मी (अन्य पिछड़ा वर्ग) समाज के नेता बघेल को पिछले साल के विधानसभा चुनाव में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ पाटन विधानसभा सीट से मैदान में उतारा गया था, जहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। पार्टी ने विजय बघेल की तरह तीन और भाजपा सांसदों अरुण साव (बिलासपुर), रेणुका सिंह (सरगुजा) और गोमती साय (रायगढ़) को पिछले साल विधानसभा चुनाव में मैदान में उतारा था। पार्टी ने पिछले साल विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए चिंतामणि महाराज को सरगुजा संसदीय सीट से मैदान में उतारा है। दो बार के पूर्व विधायक महाराज, प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता और संत रामेश्वर गहिरा गुरु के पुत्र हैं, जिनका उत्तरी छत्तीसगढ़ में विशेष रूप से आदिवासियों के बीच काफी प्रभाव था। पार्टी ने बिलासपुर से पूर्व विधायक तोखन साहू को चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं रायगढ़ लोकसभा सीट से उम्मीदवार राधेश्याम राठिया नया चेहरा हैं और पूर्व में वह पंचायत निकायों का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। भाजपा की प्रमुख महिला नेता सरोज पांडेय को कोरबा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतारा है। पांडेय, इससे पहले दुर्ग से लोकसभा सांसद और विधायक रह चुकी हैं। पूर्व विधायक रूपकुमारी चौधरी और भोजराज नाग को क्रमश: महासमुंद और कांकेर सीटों से मैदान में उतारा गया है। महिला नेता कमलेश जांगड़े (जांजगीर सीट) और महेश कश्यप (बस्तर) नए चेहरे हैं।





# बेंगलूरु विस्फोट मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु के एक रेस्तरां में शुक्रवार को हुए कम तीव्रता वाले बम विस्फोट के सिलसिले में पूछताछ के लिए चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इससे पहले, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शनिवार को कहा कि इस वारदात को अंजाम देने वाले अपराधी की गतिविधियां कैमरों में दर्ज हो गई हैं जिनकी मदद से उसे पकड़ना आसान होगा। उन्होंने कहा कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि पूर्वी बेंगलूरु के ब्रुकफील्ड इलाके में स्थित रेस्तरां में हुई घटना में क्या कोई संगठन शामिल है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मामले की जांच कर रही केंद्रीय अपराध शाखा के अधिकारी धारवाड़, हुब्बल्ली और बेंगलूरु से हिरासत में लिए गए चार लोगों से ''विस्तार से'' पूछताछ कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा, ''विस्फोट हुआ है। मास्क और टोपी पहने एक व्यक्ति बस से आया। उसने कैफे के काउंटर से 'रवा इडली' खरीदी और एक जगह बैठ गया। फिर उसने टाइमर सेट किया और चला गया। विस्फोट हुआ है और करीब नौ लोग (असल में 10) लोग घायल हुए हैं। सभी खतरे से बाहर हैं।''

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री ने शुक्रवार को घटनास्थल का दौरा किया था और शनिवार को उन्होंने भी कैफे का दौरा किया और उस अस्पताल भी गए जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है। यह पूछे जाने पर कि इस विस्फोट के पीछे क्या किसी संगठन का हाथ है या क्या यह किसी एक व्यक्ति का काम है, सिद्दरामैया ने कहा कि इस बारे में अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा, हम अपराधी को तलाश लेंगे। अपराधी का पता लगाना आसान होगा क्योंकि उसके बस से उतरने, रेस्तरां से भोजन खरीदने, एक जगह बैठने और बैग रखते हुए के वीडियो एवं तस्वीरें हैं। हम उसे जल्द से जल्द तलाश लेंगे। वर्ष 2022 में हुए मंगलूरु कुकर विस्फोट और शुक्रवार की घटना के बीच समानता का इशारा करने वाली कुछ रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर सिद्दरामैया ने कहा कि इस मामले में गंभीरता से जांच जारी है। बेंगलूरु शहर के आयुक्त बी. दयानंद ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को रामेश्वरम कैफे में हुए आईईडी विस्फोट के संबंध में जांच तेजी से जारी है। दयानंद ने कहा, कई दल अब तक मिले विभिन्न सुरागों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मामले की संवेदनशीलता और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए मीडिया से अपील की जाती है कि वह अटकलें न लगाए और सहयोग करे।'' इस बीच, पूरे राज्य में, खासकर केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

बृहद बेंगलूरु होटल एसोसिएशन ने शनिवार को कहा कि वह शहर भर के सभी होटल में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की योजना तैयार करेगा और सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित बनाने के लिए उठाए जा सकने वाले कदमों पर चर्चा करेगा। बेंगलूरु पुलिस ने शुक्रवार को हुए विस्फोट के संबंध में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

विपक्ष ने आरोप लगाया है कि सरकार की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण यह घटना हुई। विपक्ष की इस आलोचना को लेकर सवाल किए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस मुद्दे पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा, उनके समय में बम विस्फोट हुए थे, ''मंगलुरु कुकर विस्फोट हुआ था, क्या वह भी तुष्टीकरण था?'' मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या यह कोई आतंकवादी कृत्य है, मुख्यमंत्री ने कहा, जांच जारी है। जांच में जो कुछ भी सामने आएगा, हम उसके आधार पर कार्रवाई करेंगे।

कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने भी कहा कि पुलिस रामेश्वरम कैफे में हुए बम विस्फोट की गहन जांच कर रही है और सभी पहलुओं पर गौर कर रही है। परमेश्वर ने कहा कि जांचकर्ताओं ने सीसीटीवी फुटेज से कुछ जानकारी एकत्र की है। उन्होंने कहा कि अपराधी को पकड़ने के लिए जांच के तहत शहर की सार्वजनिक परिवहन बसों की फुटेज का भी विश्लेषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा, जांच के लिए कई दलों का गठन किया गया है। गहन जांच जारी है। कुछ सुराग मिले हैं। सीसीटीवी फुटेज से कुछ जानकारी मिली है। उस समय उस मार्ग से 26 बस गुजरी थीं। ऐसी जानकारी है कि वह (संदिग्ध) बस से आया था। गृह मंत्री ने कहा कि फिलहाल यह बताना संभव नहीं है कि इस घटना में कोई संगठन शामिल है या कोई एक व्यक्ति।

इस बात का भी संदेह व्यक्त किया गया है कि किसी ने कैफे की सफलता एवं लोकप्रियता के कारण ''जलन'' में यह कदम उठाया हो। उन्होंने कहा, हम सभी पहलुओं पर गौर करेंगे। चाहे कोई भी पहलू हो, हम उनका सत्यापन करेंगे और विस्फोट करने वाले दोषियों को पकड़ेंगे।

भाजपा ने इस घटना को लेकर गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग की है। इस संबंध में सवाल किए जाने पर परमेश्वर ने कहा कि हर बात के लिए इस्तीफा मांगना उन्होंने चलन बना लिया है। कर्नाटक पुलिस ने यहां एक लोकप्रिय रेस्तरां में शुक्रवार को हुए कम तीव्रता के बम विस्फोट के मामले में जांच तेज कर दी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ब्रुकफील्ड क्षेत्र के रामेश्वरम कैफे और आसपास के सीसीटीवी कैमरों से संदिग्ध आरोपी की गतिविधियों की तस्वीरें मिली हैं।

एक अधिकारी ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि जो सुराग मिले हैं, उनकी मदद से हम अपराधी को पकड़ लेंगे।'' सूत्रों ने बताया कि जांच दल शुक्रवार को हुए विस्फोट और नवंबर 2022 में मंगलूरु कुकर विस्फोट के बीच समानताओं पर गौर कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने जांच शुरू कर दी है और इसके लिए सात से आठ दलों का गठन किया गया है। पुलिस के अनुसार, रेस्तरां में एक ''ग्राहक'' ने हाथ धोने की जगह के पास एक बैग छोड़ा जिसमें टाइमर लगे आईईडी में विस्फोट हुआ। बेंगलूरु के रेस्तरां में कम तीव्रता का बम विस्फोट होने से कम से कम 10 लोग घायल हो गए जिनमें रेस्तरां कर्मचारी एवं ग्राहक शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि घायल लोग खतरे से बाहर हैं।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, बम निरोधक दस्ता, श्वान दस्ता, 'एंटी सबोटाज' (विध्वंसक गतिविधि रोधी) दल और फोरेंसिक विश्लेषकों ने जांच करने और नमूने एकत्र करने के लिए घटनास्थल का दौरा किया। इसके अलावा, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) के अधिकारी जांच में स्थानीय पुलिस की मदद के लिए मौके पर पहुंचे और उनके साथ कुछ जानकारियां साझा कीं।

'द रामेश्वरम कैफे' की सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक दिव्या राघवेंद्र राव ने शुक्रवार देर रात एक बयान में कहा, हम अपनी ब्रुकफील्ड शाखा में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना से बहुत दुखी हैं। हम अधिकारियों और प्राधिकारियों के साथ जांच में सहयोग कर रहे हैं। हमारी संवेदनाएं घायलों और उनके परिवारों के साथ हैं और हम उन्हें हर प्रकार की आवश्यक सहायता एवं सहयोग और देखभाल प्रदान कर रहे हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए कामना करते हैं।



मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से कहा

# जांच में प्रौद्योगिकी का प्रभावी इस्तेमाल करें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलूरु स्थित रामेश्वरम कैफे में कम तीव्रता के धमाके के बाद मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि जांच के लिए प्रौद्योगिकी का प्रभावी इस्तेमाल करें और सुनिश्चित करें कि घटना के पीछे की पूरी 'सच्चाई' सामने आए।

राज्य के गृहमंत्री जी. परमेश्वर की मौजूदगी में गृह विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ हुई बैठक के दौरान सिद्दरामैया ने बिना किसी सहानुभूति के असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सिद्दरामैया के हवाले से जारी बयान में कहा, घनी आबादी वाले स्थानों की पहचान करें और ऐसे इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ाएं। लोगों को सुरक्षा मुहैया करायी जाये। यह बैठक पूर्वी बेंगलूरु के आईटी गलियारे के ब्रुकफील्ड क्षेत्र में स्थित रामेश्वरम कैफे में शुक्रवार दोपहर हुए विस्फोट के बाद हुई है, जिसमें दस लोग घायल हो गए थे। सिद्दरामैया ने अधिकारियों को मामले की जांच में तेजी लाने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

इससे पहले दिन में मुख्यमंत्री ने रामेश्वरम कैफे जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल में इलाज करा रहे घायलों से भी मुलाकात की। सिद्दरामैया ने पुलिस को सोशल मीडिया पर लोगों को गुमराह करने वाली फर्जी खबरें फैलाने वालों पर लगाम लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा, असमाजिक तत्वों के खिलाफ बिना किसी सहानुभूति के कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने खुफियाई इकाई को और सक्रिय रहने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने कहा, ''हमें समय के साथ बदलना होगा और तेज गति से काम करना होगा।''

# बेंगलूरु कैफे में विस्फोट के बाद दिल्ली पुलिस सतर्क

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली। बेंगलूरु के एक लोकप्रिय रेस्तरां में शुक्रवार को हुए विस्फोट के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बेंगलूरु के एक लोकप्रिय रेस्तरां में शुक्रवार को कम तीव्रता का बम विस्फोट होने से कम से कम 10 लोग घायल हो गए थे। घायलों में रेस्तरां कर्मचारी एवं ग्राहक शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि जिला पुलिस प्रमुखों को भीड़-भाड़ वाले इलाकों, खासकर दिल्ली के बाजारों में निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बाजार संघों को सतर्क रहने और कोई भी संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर स्थानीय पुलिस से संपर्क करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि इन संघों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया है कि परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे काम कर रहे हों। वहीं, एक अन्य अधिकारी ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने अपने बम निरोधक दस्तों और बम का पता लगाने वाले दलों को सतर्क रहने को कहा है।

कर्नाटक पुलिस के अनुसार, रेस्तरां में ''एक ग्राहक'' ने हाथ धोने की जगह के पास एक बैग छोड़ा था जिसमें टाइमर लगे आईईडी में विस्फोट हुआ। सूत्रों ने बताया कि बैग पकड़े संदिग्ध ने अपनी पहचान छिपाने के लिए टोपी और मास्क पहन रखा था।

## पट्टा आवंटन





बेंगलूरु में आवास विभाग के अंतर्गत कर्नाटक सलम बोर्ड द्वारा केआरपुरम् के नागरेश्वरा नागनहल्ली में 36789 लाभार्थियों को घर का पट्टा और आवंटन पत्र मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने एक समारोह में भेंट किया। इस मौके पर आवास एवं वक्फ मंत्री बीजेड जमीर अहमद खान आदि उपस्थित थे।

# कर्नाटक की कांग्रेस सरकार राष्ट्र विरोधी तत्वों को बढ़ावा देने वाला माहौल बना रही : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की कर्नाटक सरकार राज्य में राष्ट्र विरोधी तत्वों को बढ़ावा' देने वाला माहौल बना रही है। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कांग्रेस सांसद सईद नसीर हुसैन के समर्थकों द्वारा विधानसभा भवन परिसर में पाकिस्तान जिंदाबाद' नारा लगाने के ऑडियो क्लिप के फॉरेंसिक विश्लेषण का हवाला दिया और राज्य सरकार को बेंगलूरु में हुए विस्फोट को लेकर आड़े हाथ लिया जिसमें 10 लोग घायल हुए हैं। चंद्रशेखर ने कहा कि यह जांच की जानी चाहिए कि दोनों घटनाओं में संबंध तो नहीं है।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि मंत्रियों सहित कांग्रेस के नेता पहले पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाने के भाजपा के आरोप को झुठलाने का समन्वयित प्रयास करते हैं और अब बम विस्फोट को तवज्जो नहीं देने की कोशिश कर रहे हैं और इस धमाके को बिना किसी सबूत के कारोबारी प्रतिद्वंद्विता से जोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पुलिस पर मामले की लीपापोती करने के लिए दबाव बनाने की कोशिश है।

चंद्रशेखर ने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सत्ता में वापसी के बाद से भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति जोर-शोर से शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में होती है तो कुछ लोग सोचते हैं कि वे कानून से ऊपर हैं और सरकार पर ऐसा माहौल बनाने का आरोप लगाया जो राष्ट्र विरोधी गतिविधियों और अन्य अपराधों में शामिल लोगों को प्रोत्साहित कर रहा है।

# मंगलूरु प्रेशर कुकर विस्फोट और बेंगलूरु कैफे विस्फोट के बीच संबंध जान पड़ता है : शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि शहर के लोकप्रिय रेस्तरां रामेश्वरम कैफे में धमाका और 2022 में मंगलूरु में हुए प्रेशर कुकर विस्फोट के बीच एक संबंध जान पड़ता है तथा पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार निष्पक्ष जांच के लिए प्रतिबद्ध है, और पुलिस को पूर्वी बेंगलूरु में ब्रुकफील्ड इलाके के रेस्तरां में हुई घटना की जांच करने के लिए खुली छूट दी गई है, जिसमें 10 लोग घायल हुए हैं।

शिवकुमार ने कहा, पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ''मंगलूरु घटना और इस घटना के बीच एक संबंध जान पड़ता है...(विस्फोट के लिए) इस्तेमाल की गई सामग्रियों में हम एक समानता देख सकते हैं। उनके बीच हम एक संबंध है। दोनों में टाइमर का इस्तेमाल किया गया।'' उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि मंगलुरु और शिवमोगा के पुलिस अधिकारी भी यहां आये हैं तथा सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

शिवकुमार ने कहा, ''बेंगलूरु वासियों के लिए चिंता की कोई बात नहीं है। यह कम तीव्रता का विस्फोट था। विस्फोटकों को स्थानीय स्तर पर तैयार किया गया था...लेकिन धमाके की आवाज जोरदार थी। टोपी या चश्मा पहनने के बावजूद अपराधी का चेहरा सभी कोणों से दिखाई देता है। उसे तीन-चार कोणों से उसे देखा जा सकता है। सीसीटीवी फुटेज में वह चलते हुए देखा जा सकता है।'' मंगलूरु में, नवंबर 2022 में एक प्रेशर कुकर के अंदर रखी एक आईईडी में उस समय विस्फोट हो गया, जब इसे एक ऑटो रिक्शा से ले जाया जा रहा था। घटना की जांच से पता चला था कि आईईडी को कादरी मंजुनाथ मंदिर में लगाया जाना था। जांचकर्ताओं ने पाया था कि मंगलुरु में प्रेशर कुकर विस्फोट 'इस्लामिक स्टेट-प्रायोजित' था और इसमें लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकवादी की संलिप्तता थी।

प्रदेश कांग्रेस प्रमुख शिवकुमार ने कहा कि पुलिस को कैफे विस्फोट के सभी पहलुओं की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा, ''हम इसमें हस्तक्षेप नहीं करेंगे। केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) जांच कर रही है, उन्होंने 7-8 दल गठित किये हैं, वे सभी पहलुओं से जांच कर रहे हैं। बेंगलूरु शहर में हर जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हैं।'' उन्होंने कहा, ''वह (संदिग्ध) बस से आया था। वह वापस कैसे गया, इसका पता लगाया जा रहा है। आपके (मीडिया) पास भी क्लिपिंग है, जिसे प्रसारित किया जा रहा है। घटना की जांच की जा रही है। पुलिस को पूरी छूट दी गई है।''

यह उल्लेख करते हुए कि सरकार विस्फोट की घटना की जांच को लेकर बहुत गंभीर है और किसी को बख्शने का सवाल ही नहीं है, उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ''यह राज्य के गौरव का सवाल है। भाजपा को जो कहना है कहे और जो कुछ चाहे करे, हमें इसकी कोई परवाह नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''अगर वे (भाजपा) रचनात्मक सहयोग करते हैं, तो ठीक है, लेकिन अगर वे राजनीति करना चाहते हैं, तो उन्हें करने दीजिए।'' घायलों के इलाज के संबंध में शिवकुमार ने कहा कि ''बृहत बेंगलूरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) के संयुक्त आयुक्त को पहले ही निर्देश दे दिए गए हैं, हम उनके खर्च का ध्यान रखेंगे।''

रामेश्वरम कैफे विस्फोट

# मां के फोन कॉल के चलते बची सॉफ्टवेयर इंजीनियर की जान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां रामेश्वरम कैफे में हुए कम तीव्रता वाले विस्फोट के दौरान मां की फोन कॉल के चलते 24 वर्षीय एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की जान बच गई। इस घटना में कर्मचारियों और कुछ ग्राहकों समेत 10 लोग घायल हुए हैं। बिहार के पटना के मूल निवासी कुमार अलंकृत ने घटना को याद करते हुए कहा कि उन्होंने काउंटर से अपना डोसा उठाया और अपनी सामान्य जगह (जहां कुछ मिनट बाद विस्फोट हुआ) पर बैठना तय किया।

अलंकृत ने बताया कि उसी समय उनकी मां का फोन आया और वह बात करने के लिए एक शांत जगह पर चले गए, जो विस्फोट वाली जगह से महज 10 मीटर की दूरी पर थी। अलंकृत ने 'पीटीआई' की वीडियो सेवा से बात करते हुए बताया कि कैसे उनकी मां की कॉल की वजह से उनकी जान बच गई। उन्होंने कहा, मैंने अपना डोसा काउंटर से उठाया और कैफे के अंदर अपने नियमित स्थान पर बैठने ही वाला था। जब भी मैं कैफे जाता था, तो उसी स्थान पर बैठता था (जहां बाद में विस्फोट हुआ)। वह मेरी पसंदीदा जगह थी। इस बार भी मैं वहां बैठने की योजना बना रहा था, लेकिन तभी मां का फोन आया, इसलिए मैं कैफे के बाहर कुछ मीटर दूर एक शांत जगह चला गया, ताकि उनसे बात कर सकूं।

उन्होंने इसे एक नियमित फोन कॉल बताते हुए कहा, वह (मेरी मां) पूछ रही थीं कि मैं कहां हूं और अचानक, मैंने तेज आवाज सुनी। मैं बाहर था। यह एक बहुत बड़ा विस्फोट था। हर कोई घबरा गया था और बाहर की ओर भाग रहा था। हर तरफ धुआं था और दुर्गंध आने लगी थी। उन्होंने कहा, यह सब अचानक हुआ था। जोरदार विस्फोट होने के बाद लोग इधर-उधर भाग रहे थे। पता नहीं क्या हो रहा था। यह भयानक और चौंकाने वाला था। लेकिन शुक्र है कि मेरी मां के उस फोन कॉल ने मुझे बचा लिया। कुमार कैफे में हुए विस्फोट का वीडियो 'एक्स' पर साझा करने वाले शुरुआती लोगों में से एक थे। अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा था, दोपहर एक बजे, मैं रामेश्वरम कैफे ब्रुकफील्ड में दोपहर को खाना खा रहा था और कैफे के अंदर एक बड़ा विस्फोट हुआ। मैं धमाके से कुछ मीटर की दूरी पर था। मैं सुरक्षित हूं। कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। भगवान उन्हें जल्द स्वस्थ करें।

## रामेश्वरम कैफे विस्फोट की जांच केंद्रीय अपराध शाखा करेगी : पुलिस आयुक्त

बेंगलूरु। यहां पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने शनिवार को कहा कि शहर के रेस्तरां 'रामेश्वरम कैफे' में हुए विस्फोट की जांच केंद्रीय अपराध शाखा को सौंप दी गई है। उन्होंने कहा कि घटना के संबंध में फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। शहर के एक रेस्तरां में शुक्रवार को हुए कम तीव्रता वाले बम विस्फोट में 10 लोग घायल हुए हैं।

दयानंद ने 'एक्स' पर कहा, मामले की जांच केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) को सौंप दी गई है। घायलों के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। इससे पहले दिन में, पुलिस सूत्रों ने कहा कि घटना के सिलसिले में पूछताछ के लिए चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। सूत्रों ने बताया कि इन लोगों को धारवाड़, हुब्बल्ली और बेंगलूरु से हिरासत में लिया गया है।



**कनकगिरि उत्सव**

कोप्पल में शनिवार को सायं आयोजित कन्नड़ और संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कनकगिरि उत्सव-2024 का उद्घाटन मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने किया। एमपीएमसी सामुदायिक भवन के पीछे विशाल मैदान में उन्होंने एक विशाल जनसभा को भी संबोधित किया।



# मुख्यमंत्री ने 'शक्ति वंदन' का किया शुभारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शनिवार को जवाहर कला केन्द्र में जयपुर नगर निगम ग्रेटर द्वारा दो से चार मार्च तक आयोजित 'शक्ति वंदन' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शर्मा ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने 'एक खत मोदी जी के नाम' स्टॉल पर जाकर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संदेश लिखा तथा सेल्फी पॉइन्ट पर सेल्फी भी ली। शर्मा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजनकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं।

उल्लेखनीय है कि 'सशक्त महिला से समृद्ध समाज की ओर एक पहल' थीम पर आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न प्रदर्शनियां, टॉक शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह एवं फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान नगर निगम जयपुर ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर, जयपुर ग्रेटर निगम की आयुक्त रूक्मणि रियार, पार्षद एवं बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

# राजस्थान को 1994 के समझौता का मिलेगा पूरा पानी : मुख्यमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

खेतड़ी, (नीमकाथाना)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भरोसा दिलाते हुए कहा है कि वर्ष 1994 में यमुना जल समझौते में राजस्थान के लिए वर्ष 1994 में जिस मात्रा में पानी मिलने का वायदा किया गया था वह पूरा पानी प्रदेश की जनता को मिलेगा। शर्मा यमुना जल समझौता धन्यवाद यात्रा के क्रम में शनिवार को नीमकाथाना जिले के खेतड़ी नगर में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने यमुना जल समझौते के संदर्भ में बीते दिनों हस्ताक्षर किए गए सहमति पत्र (एमओयू) में इसका स्पष्ट प्रावधान किया है।

उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत राजस्थान को उसके हक का पूरा पानी मिलेगा, इसकी गारंटी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी है। इस समझौते के तहत सीकर झुंझुनूं और चूरू जिलों को पानी मिलना तय किया गया था, जिसकी 30 वर्षों से लंबित मांग पूरी नहीं हो पा रही थी। अब प्रधानमंत्री के राजस्थान को उसके हिस्से का पूरा पानी मिलने का आश्वासन दिया गया है और राजस्थान सरकार ने हरियाणा और केन्द्र सरकार के साथ समझौता पत्र हस्ताक्षरित किया है, जिसके तहत प्रदेश को 1917 क्यूसेक पानी यमुना नदी से मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि इस समझौते में हरियाणा को भी पानी मिलने का प्रावधान रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समझौते की क्रियान्विति के लिए विस्तृत कार्ययोजना रिपोर्ट (डीपीआर) जल्द ही तैयार की जाएगी। उन्होंने स्थानीय लोगों की मांग पर खेतड़ी तथा नीमकाथाना क्षेत्र को भी यमुना जल समझौते से मिलने वाले पानी का समुचित हिस्सा खेतड़ी और नीमकाथाना क्षेत्र को देने का आश्वासन दिया।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार गरीबों और जरूरतमंदों के प्रति बेहद संवेदनशीलता से कार्य कर रही है और प्रदेश की जनता से किए गए एक-एक वादे को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीबों के दर्द को बखूबी जानते हैं और उन्होंने विभिन्न वर्गों, माता बहनों, बुजुर्गों, किसानों और मजदूरों के कल्याण के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। हमारी सरकार इन सभी योजनाओं को प्रदेश में सफलतापूर्वक लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि देश और क्षेत्र की जनता ने हमारी सरकार पर जो विश्वास किया है, उस पर हम खरे उतरेंगे। जनसभा को जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, सांसद नरेंद्र खींचड़ और विधायक धर्मपाल गुर्जर ने भी संबोधित किया।

## गहलोत ने रसोई संचालकों को अनुदान समय पर देने की मांग की

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार की रसोई योजना के संचालकों को समय पर अनुदान देने की मांग की है। गहलोत ने दावा किया कि राज्य की नयी सरकार ने तीन महीने से अनुदान नहीं दिया है। उन्होंने शनविार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, प्रदेश में 'कोई भूखा ना सोये' की भावना से हमारी सरकार ने पहले शहरी इलाकों में एवं बाद में ग्रामीण कस्बों में आठ रुपये में भोजन उपलब्ध करवाने के लिए इंदिरा रसोई योजना शुरू की थी। इस योजना में हमारी सरकार 17 रुपये प्रति थाली अनुदान देती थी जिससे गरीबों को सस्ता, ताजा एवं पौष्टिक भोजन मिल सके। उन्होंने लिखा कि नयी सरकार ने इस योजना का नाम बदल दिया लेकिन तमाम रसोई संचालकों ने बताया है कि नयी सरकार ने तीन महीने से अनुदान नहीं दिया है एवं थालियों की संख्या भी पहले की तुलना में आधी कर दी है।

# गोपाल शर्मा ने नेशनल प्रिंटिंग एक्सपो का किया शुभारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक गोपाल शर्मा ने शनिवार को यहां तीन दिवसीय नेशनल प्रिंटिंग एक्सपो का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर एक्सपो का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने एक्सपो में स्टॉल का अवलोकन भी किया और एग्जिबिटर्स से विभिन्न उत्पादों की जानकारी ली।

उन्होंने जयपुर में पहली बार प्रिंटिंग एक्सपो का आयोजन को लेकर प्रिंटर्स क्लब को बधाई देते हुए कहा कि जयपुर को प्रिंटिंग हब बनाने की दिशा में इस एक्सपो का आयोजन पहला कदम है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में प्रिंटिंग का पुराना इतिहास नहीं रहा लेकिन प्रिंटिंग का काम जिस तरह से बिना पढ़े लिखे लोगों में अपने अनुभव से गौरवशाली काम किया उसको देखकर जर्मनी के इंजीनियर तक हतप्रभ रह गए थे। जयपुर के लोग बिना प्रशिक्षण के भी अपनी मेहनत परिश्रम अपनी लगन से निष्ठा से काम किया करते थे।

शर्मा ने कहा कि प्रदेश के एक बड़े समाचार पत्र के संस्थापक राजस्थान में कागज की फैक्ट्री लगाना चाहते थे ताकि प्रिंटिंग इंडस्ट्री के लोगों को राहत मिले लेकिन संभव नहीं हुआ। हम चाहते हैं कि जयपुर प्रिंटिंग हब के तौर पर अपनी पहचान बनाए और देश में अग्रणी बने। इसके लिए हमें सामूहिक प्रयास करने हैं। कार्यक्रम में राजस्थान ऑफसेट प्रिंटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद शर्मा, आईपीएमए के अध्यक्ष जयवीर सिंह, एआईएफएमपी उमेश कुमार, ओपीए पंजाब के अध्यक्ष कमल चोपड़ा समेत प्रिंटिंग जगत की नामचीन हस्तियां मौजूद थी। इससे पूर्व प्रिंटर्स क्लब के आदित्य सिंह नितिन नामदेव और ललित कुमावत में शर्मा सहित सभी अतिथियों का माल्यार्पण और साफा पहनाकर स्वागत किया। दो से चार मार्च तक चलने वाले नेशनल प्रिंटिंग एक्सपो में देश-विदेश से साइनेज, डिजिटल, स्क्रीन, ऑफसेट प्रिंटिंग इंडस्ट्रीज और पैकेजिंग इंडस्ट्री से जुड़े हुए दिग्गज मशीन निर्माता, सेवा प्रदाता और विक्रेता भाग ले रहे हैं।

## झुंझुनूं में 45 हजार पेंशनरों की पेंशन बंद होने के कगार पर

झुंझुनू। राजस्थान के झुंझुनू जिले में वार्षिक सत्यापन नहीं होने से 45 हजार से अधिक पेंशनर की पेंशन रुक गयी है, इनमें बड़ी संख्या दिव्यांग भी शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 31 दिसंबर तक सभी लाभार्थियों को सत्यापन करना था लेकिन हजारों की संख्या में लाभार्थी सत्यापन से वंचित रह गये। इनमें बड़ी संख्या में वे लोग हैं जिनके फिंगर और आईरिस दोनों ही नहीं आ रहे हैं। पेंशन से वंचित पेंशनर कार्यालय के चक्कर लगा लगाकर थक चुके हैं। कभी अधिकारी नहीं मिलते तो कभी कर्मचारी।

झुंझुनू उपखण्ड अधिकारी का तबादला होने से पिछले एक सप्ताह से तो कार्यालय में सत्यापन का काम रुक गया है। ये वे लाभार्थी हैं, जिनके फिंगर और आईरिस दोनों ही नहीं आ रहे हैं। ऐसे में वे उपखण्ड कार्यालय में जाकर ओटीपी से वेरिफाई करवा सकते हैं, लेकिन पिछले एक सप्ताह से उपखण्ड अधिकारी नहीं होने से सत्यापन नहीं हो पा रहा है। डिजीटल प्रमाण पत्र बनने में काफी समय लग रहा है। ऐसे में उनका वेरिफिकेशन नहीं हो पा रहा है, जबकि इससे पहले इनका वार्षिक सत्यापन आराम से हो रहा था, लेकिन अब नये नियम आने से परेशानी खड़ी हो गयी है।‸




# 'भारतीय संस्कृति के वाहक बने युवा'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि युवा सहयोग, सहिष्णुता, प्रेम ,करुणा और वात्सल्य का भाव रखें और वे भारत के लिए जीये तथा उन्हें ऐसी शिक्षा देने की आवश्यकता है जिससे वे भारतीयता की अनुभूति कर सकें। देवनानी शनिवार को यहां मोतीडूंगरी स्थित नायला बाग पैलेस में जुकोल ग्रुप द्वारा आयोजित आईआईटी वी नीट में सफल विद्यार्थियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। देवनानी ने विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा होनहार, होशियार और प्रतिभावान बच्चों को उनके पैरों पर खड़े होने तक मदद करना वाकई सच्ची राष्ट्र सेवा है। यह बच्चे राष्ट्र के कल के नहीं बल्कि आज के नागरिक हैं। बच्चे राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझे । राष्ट्र की गौरवशाली संस्कृति पर गौरव की अनुभूति करें। राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने युवाओं का आवाहन किया कि वे गरीब और गांव को ना भूले। हमें हर समय कच्चे घर और पक्के इरादों का ध्यान रखना है । इससे निश्चित रूप से समाज के उस तबके को लाभ मिलेगा जो किन्हीं कारणों से शिक्षा और अपने आप को बेहतर साबित करने के मंच से वंचित रह गए हैं । देवनानी ने कहा कि परमार्थम संस्था को जयपुर के आसपास के क्षेत्र के साथ-साथ प्रदेश के गांव-गांव और ढाणी ढाणी से छुपी हुई प्रतिभाओं को आगे बढ़ाकर उन्हें समाज एवं राष्ट्र की सेवा के लिए तैयार करना चाहिए।

देवनानी ने कहा कि युवाओं में अदम्य ऊर्जा, साहस और असंभव को संभव करने की अपार शक्ति होती है और ऐसा कोई काम नहीं है जो वे नहीं कर सकते हैं। जीवन में उद्देश्य अवश्य रखना चाहिए। युवाओं के लिए जरूरी है कि वह जीवन में उद्देश्य रखें। उद्देश्य पूर्ण जीवन जीने से स्वयं के जीवन के साथ परिवार, समाज और राष्ट्र को नई दिशा मिलती है। युवाओं का जीवन का उद्देश्य राष्ट्र के उद्देश्य के अनुरूप होना आवश्यक है। देवनानी ने कहा कि कूटनीतिक इतिहास से युवाओं में भारतीयता का भाव नहीं आ सकता। अब नए भारत का उदय हो रहा है। भारत विश्व का सिरमौर बना है।



# जोशी ने मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में दर्शन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दौसा। राजस्थान के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी ने दौसा जिले में मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। जोशी जिले के अपने दौरे के दौरान मीणा सीमला में भगवान विष्णु के मत्स्य अवतार मीन भगवान मंदिर और मेहंदीपुर बालाजी पहुंचकर ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इसके बाद मुरलीपुरा में स्थित बैरवों की ढ़ाणी पहुंचकर लाभार्थियों से संवाद किया।

जोशी ने पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व की कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार को अपनी गिरेबां में झांककर देखना चाहिए, कांग्रेस ने पांच साल सिर्फ भ्रष्टाचार किया और विकास की दृष्टि से राजस्थान को पीछे धकेला है। कांग्रेस ने स्थानांतरण का गोरखधंधा चला रखा था। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जब शिक्षकों से बात की तब शिक्षकों ने कुर्सी पर खडे होकर कहा हमें स्थानान्तरण के लिए पैसे देने पड़ते है।

अब भाजपा की डबल इंजन सरकार में यहां योग्यता के आधार पर काम हो रहा है। इस दौरान कलेक्ट्री चौराहे पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत भी किया।

# भाजपा ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला और चार केंद्रीय मंत्रियों को चुनाव मैदान में उतारा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजस्थान की 15 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की शनिवार को घोषणा की, जिनमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ चार केंद्रीय मंत्रियों के नाम शामिल हैं।

पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के बेटे व सांसद दुष्यंत सिंह को एक बार फिर झालावाड़-बारां सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं कांग्रेस से भाजपा में आए महेंद्रजीत मालवीय और ज्योति मिर्धा को भी लोकसभा का टिकट दिया गया है। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष व सांसद सीपी जोशी एक बार फिर चित्तौड़गढ़ सीट से चुनाव लड़ेंगे। राजस्थान में लोकसभा की कुल 25 सीटें हैं और 2019 लोकसभा चुनाव में राजग ने सभी 25 सीटों पर जीत हासिल की थी। इन 25 सीटों में से 24 पर भाजपा के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी जबकि एक सीट पर गठबंधन की सहयोगी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का उम्मीदवार जीता था हालांकि यह पार्टी बाद में राजग से अलग हो गई थी।

भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिन केंद्रीय मंत्रियों को चुनावी मैदान में उतारा है उनमें बीकानेर सीट से केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, जोधपुर से केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व बाड़मेर से केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी शामिल हैं। वहीं राज्यसभा सदस्य तथा केंद्रीय वन व पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र सिंह अलवर लोकसभा सीट पर पार्टी के प्रत्याशी होंगे। पार्टी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक बार फिर कोटा सीट से चुनाव मैदान में उतारा है।

पार्टी ने चुरू से नये चेहरे देवेंद्र झाझड़िया को टिकट दिया है। झाझड़िया पैरालंपिक में दो बार स्वर्ण व एक बार रजत पदक जीत चुके हैं। झाझड़िया ने भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के नौ मार्च को होने वाले चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल किया था।

सीकर से एक बार स्वामी सुमेधानंद सरस्वती चुनाव मैदान में हैं। पाली से पीपी चौधरी पार्टी के उम्मीदवार होंगे। बाबा बालकनाथ के विधायक बनने और इस्तीफा देने बाद खाली हुई अलवर सीट पर पार्टी ने भूपेंद्र यादव को उतारा है। भरतपुर से रामस्वरूप कोली, जालौर से लुंबाराम चौधरी, उदयपुर से मन्नालाल रावत को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है।

## पैरा खिलाड़ी देवेंद्र झाझरिया राजनीति पारी के लिए तैयार

जयपुर/दक्षिण भारत। पैरा भाला फेंक में देश को कई पदक दिलाने वाले देवेन्द्र झाझरिया आगामी आम चुनाव में अपने जन्मस्थान राजस्थान के चूरू से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। पैरालंपिक खेलों में दो स्वर्ण सहित तीन पदक जीतने वाले झाझरिया ने



महज आठ साल की उम्र में एक पेड़ पर चढ़ते समय बिजली के तार के संपर्क में आने के बाद अपने बाएं हाथ का एक हिस्सा गंवा दिया था। जिंदगी की मुश्किल चुनौतियों का हंसकर सामना करने वाले 42 साल के झाझरिया थार रेगिस्तान के प्रवेश द्वार के तौर पर जाने जाने वाले चुरू से अपनी राजनीति पारी का भी आगाज करेंगे। इस क्षेत्र को गर्मी और सर्दी के मौसम में अपने रिकॉर्ड तापमान के लिए भी जाना जाता है।

बचपन की त्रासदी जिसके कारण उनका बायां हाथ काटना पड़ा, वह उन कई बाधाओं में से एक थी, जिनसे झाझरिया ने सफलता की सीढ़ी चढ़ने के लिए संघर्ष किया। उनकी अथक प्रयास ने उन्हें पैरालंपिक में कई पदक दिलाए। इसमें आखिरी पदक 2021 तोक्यो खेलों में रजत पदक था। वह 2014 एशियाई पैरा खेलों में रजत विजेता होने के अलावा दो बार पैरा विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता भी हैं।

# माइनिंग ब्लॉकों की नीलामी का बनेगा मासिक एक्शन प्लान : कलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। आगामी वित्तीय वर्ष में मेजर और माइनर मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन का मासिक एक्सन प्लान बनाया जाएगा। निदेशक खान एवं भूविज्ञान भगवती प्रसाद कलाल ने माइंस व भूविज्ञान विभाग के फील्ड अधिकारियों को निर्देश दिए कि फील्ड अधिकारी अपने क्षेत्र के मिनरल एक्सप्लोरेशन, डेलिनियेशन और ऑक्शन के लिए ब्लॉक तैयार करने का रोडमेप तैयार कर प्रतिमाह ऑक्शन के प्रस्ताव भिजवाएं। उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर प्रभावी रोक के लिए गेप व खनन क्षेत्रों के ब्लॉकों की नीलामी के कार्य में तेजी लानी होगी।

डीएमजी भगवती प्रसाद कलाल शनिवार को खान एवं भूविज्ञान विभाग के फील्ड अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से रुबरु हो रहे थे। उन्होंने 15 जनवरी से 31 जनवरी तक चले अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ राज्यव्यापी संयुक्त अभियान की स्प्रिट को आगे भी बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि अधिकारियों को नियतकालीन अंतराल में औचक निरीक्षण जारी रखने को कहा ताकि खनन माफियाओं पर अंकुश जारी रखा जा सके। उन्होंने विभाग की माइनिंग विंग व जियोलॉजी विंग के बीच बेहतर तालमेल बनाकर खनिज खोज और खनन कार्य को बढ़ावा देने और औद्योगिक विकास, निवेश, रोजगार व राज्य सरकार का रेवेन्यू बढ़ाने के साझा प्रयास करने को कहा। उन्होंने कहा कि राजस्थान विविध और विपुल खनि संपदा वाला प्रदेश है। खनन माफियाओं द्वारा खनिज ब्लाकों के ऑक्शन को विफल कराने के प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर देना होगा। डीएमजी कलाल ने खनन क्षेत्र के पूर्व बकाया राशि की युद्ध स्तर पर वसूली करने के निर्देश दिए और कहा कि वसूली प्रयासों में किसी तरह की कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजकीय राशि वसूली के लिए सख्ती के साथ ही अप्रिय कार्यवाही भी करनी पड़े तो इसमें कोताही नहीं बरती जाएं। डीएमजी ने जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित अंतर्विभागीय बैठक में अवैध खनन क्षेत्रों और उन पर कार्यवाही के लिए परस्पर सहयोग व समन्वय पर विस्तार से चर्चा करें ताकि आपसी समन्वय से कार्यवाही की जा सके।

# नरेन्द्र मोदी ने तृणमूल पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, टीएमसी ने किया पलटवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कृष्णानगर/कोलकाता/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ हमला तेज करते हुए उसे ''उत्पीड़न, वंशवाद की राजनीति और विश्वासघात'' का पर्याय करार दिया तथा आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने योजनाओं को घोटालों में बदलने में ''महारत'' हासिल कर ली है।

मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक रैली को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल के विकास और देश की प्रगति के बीच आपसी संबंध पर जोर दिया तथा राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट जीतने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को रेखांकित किया। साल 2019 के आम चुनाव में भाजपा को 18 सीट पर जीत मिली थी। इस बीच मोदी के आरोपों पर पलटवार करते हुए टीएमसी ने पूछा कि उन्होंने नारद मामले में आरोपी शुभेंदु अधिकारी के साथ मंच साझा क्यों किया। मोदी ने पार्टी समर्थकों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि राज्य के प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में भाजपा का चुनाव चिह्न ''कमल खिले। प्रधानमंत्री ने संदेशखालि की घटनाओं का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि क्षेत्र में ''परेशान माताओं और बहनों'' का समर्थन करने के बजाय राज्य सरकार ने आरोपियों का पक्ष लिया। मोदी ने कहा, पश्चिम बंगाल के लोग राज्य सरकार के कामकाज के तरीके से निराश हैं। उन्होंने बड़ी उम्मीदों के साथ टीएमसी को बार-बार इतना बड़ा जनादेश दिया है, लेकिन पार्टी अत्याचार, वंशवाद की राजनीति और विश्वासघात का दूसरा नाम बन गई है। टीएमसी की प्राथमिकता राज्य का विकास नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद है।

प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि टीएमसी का अर्थ अब हो गया है- ''तू, मैं और करप्शन (भ्रष्टाचार)। उन्होंने ''केंद्रीय योजनाओं को अपना बताने'' और ''भ्रष्टाचार एवं पक्षपात'' की संस्कृति को बढ़ावा देने को लेकर तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की। मोदी ने कहा, टीएमसी ने पश्चिम बंगाल की छवि खराब कर दी है। उसने हर योजना को घोटाले में बदलने में महारत हासिल कर ली है। वे केंद्रीय योजनाओं पर मुहर लगाते हैं और इसे अपना बता देते हैं। वे गरीबों से छीनने और उन्हें वंचित करने में संकोच नहीं करते। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी के 'तोलाबाजों' (वसूली करने वालों) का नियंत्रण है और वे ''राज्य को अनुचित रूप से प्रभावित करते हैं तथा केंद्रीय योजनाओं के कार्यान्वयन में बाधा डालते हैं। उन्होंने कहा, आगामी वर्षों में भाजपा देश और प्रदेश में निवेश एवं रोजगार के असंख्य अवसर पैदा करेगी। इसे सुनिश्चित करने के लिए आपको लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित कर अपना योगदान देना होगा। पश्चिम बंगाल की सभी 42 सीट पर कमल खिलना चाहिए। रैली में बड़ी संख्या में आने के लिए लोगों को धन्यवाद देते हुए मोदी ने कहा, यह एक स्पष्ट संदेश है, ई बार, एनडीए सरकार 400 पार'।

## उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने के मामले में दो लोग गिरफ्तार

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने के मामले में राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने दो आरोपियों को यहां विभूति खंड इलाके से गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

एसटीएफ द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, आरोपी उस गिरोह के सदस्य हैं, जो 17 और 18 फरवरी को उत्तर प्रदेश भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के मामले में शामिल थे। एसटीएफ ने बताया कि यह गिरोह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए साल्वर (प्रश्न पत्र हल करने वाले) की व्यवस्था करने और प्रश्न पत्र लीक करने में भी शामिल था।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजय सिंह चौहान और सोनू सिंह यादव के रूप में हुई है और दोनों ही प्रयागराज के रहने वाले हैं। आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने एसटीएफ अधिकारियों को बताया कि पुलिस द्वारा परीक्षा पत्र लीक में शामिल लोगों पर कार्रवाई शुरू करने के बाद से वे फरार थे। पुलिस ने बताया कि दोनों के पास से 2024 कांस्टेबल भर्ती परीक्षा से संबंधित कई दस्तावेज, दो मोबाइल फोन और कुछ नकदी बरामद की गई।



## जो कहा वो किया, जो कहेंगे उसे करके दिखाएंगे : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गोरखपुर (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को करीब एक हजार करोड़ रुपए की 48 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। योगी ने जोर देते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने जो कहा वो किया और जो कहेंगे उसे करके दिखाएंगे।

योगी आदित्यनाथ ने जाति-आधारित राजनीति करने और झूठे वादे करने वाले राजनीतिक दलों पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार न तो जाति का सहारा लेती है और न ही झूठे वादे करती है। योगी ने कहा कि हमने जो कहा उसे करके दिखाया और जो कहेंगे उसे करके दिखाएंगे। योगी ने यहां महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों की उत्तर प्रदेश के प्रति धारणा बदल चुकी है और अब कोई प्रदेश को हेय दृष्टि से नहीं देखता। योगी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम की परिकल्पना कभी अकल्पनीय थी लेकिन अब ये हकीकत है। मुख्यमंत्री ने सभी को होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए सभी से हर्ष और सौहार्द के साथ होली मनाने और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में इतने विकास कार्य इसलिए हो रहे हैं कि यहां डबल इंजन की सरकार है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार डबल स्पीड में काम करती है और इस कारण देश उत्साह और उमंग से कार्य कर रहा है।

## असमिया की परिभाषा में बदलाव आया, वर्षों से यहां रह रहे लोगों को इसमें शामिल किया जाना चाहिए : हिमंत



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि पिछले कुछ वर्षों में असमिया की परिभाषा में बदलाव आया है और इसमें हिंदी भाषी तथा चाय बागान से संबंधी जनजाति जैसे सदियों से असम में रहने वाले लोगों को शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि असमिया लोगों को यह समझाने के लिए एक जन आंदोलन की जरूरत है कि समुदाय की पहचान को संरक्षित करने की आवश्यकता है। शर्मा आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों को उल्फा शांति समझौते के तहत पुनर्वास अनुदान वितरित करने से संबंधित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने दावा किया, असम के हालात, केंद्र सरकार की किसी नीति के कारण नहीं बल्कि बांग्लादेश से घुसपैठ के कारण ऐसे हैं क्योंकि इसने राज्य की जनसांख्यिकी को बदल दिया है। जब जनगणना रिपोर्ट आएगी, तो असमिया लोग आबादी का लगभग 40 प्रतिशत ही होंगे। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में असमिया की परिभाषा में बदलाव आया है और इसमें चाय बागान से जुड़ी जनजाति तथा हिंदी भाषी जैसे समुदाय शामिल होने चाहिए जो एक सदी से अधिक समय से यहां रह रहे हैं।

शर्मा ने कहा कि भले ही असमिया लोगों की संख्या कम हो रही हो, लेकिन वे अपनी पहचान संरक्षित करने के लिए एक साथ आ सकते हैं।

## आने वाले वर्षों में होगा एक हजार से अधिक अमृत भारत ट्रेन का निर्माण : वैष्णव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि भारत आने वाले वर्षों में नई पीढ़ी की कम से कम 1,000 अमृत भारत ट्रेन का निर्माण करेगा जबकि 250 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाली ट्रेन बनाने का काम जारी है। वैष्णव ने 'पीटीआई-वीडियो' के साथ एक एक विशेष साक्षात्कार में यह भी कहा कि रेलवे ने वंदे भारत ट्रेनों के निर्यात पर काम पहले ही करना शुरू कर दिया है और देश द्वारा पहला निर्यात अगले पांच वर्षों में किए जाने की उम्मीद है।

नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के पिछले 10 वर्षों में रेलवे द्वारा की गई परिवर्तनकारी पहलों पर उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे ऊंचा रेल पुल (चिनाब पुल) और नदी के नीचे पहली जल सुरंग (कोलकाता मेट्रो के लिए) रेल क्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति है। वैष्णव ने जारी बुलेट ट्रेन परियोजना के हिस्से के रूप में मुंबई और ठाणे के बीच भारत की पहली समुद्र के नीचे सुरंग के निर्माण की शुरुआत पर भी बात की और कहा कि दुनिया में केवल पांच देश हैं जिनके पास ऐसी प्रौद्योगिकी है। मुंबई और ठाणे के बीच 21 किलोमीटर लंबी प्रस्तावित सुरंग में 9.7 किलोमीटर की दूरी समुद्र से होकर गुजरेगी, जो इसकी सतह से 54 मीटर नीचे होगी। वैष्णव ने रेलवे के किराया संरचना और उसकी सेवाओं का उल्लेख करते हुए कहा, हर साल लगभग 700 करोड़ लोग रेलवे से सफर करते हैं। व्यावहारिक रूप से प्रतिदिन ढाई करोड़ लोग रेलवे से सफर करते हैं। किराया संरचना ऐसी है कि यदि एक व्यक्ति को ले जाने की लागत 100 रुपए है, तो हम 45 रुपए लेते हैं। इसलिए हम रेलवे से यात्रा करने वाले हर व्यक्ति को औसतन 55 प्रतिशत की छूट देते हैं। मंत्री ने कहा, हमने अमृत भारत ट्रेन डिजाइन की है, जो एक विश्व स्तरीय ट्रेन है। इसके जरिये केवल 454 रुपए के खर्च पर 1,000 किलोमीटर की यात्रा की जा सकती है।

वैष्णव ने कहा कि भारत आने वाले वर्षों में कम से कम 1,000 नई पीढ़ी की अमृत भारत ट्रेनों का निर्माण करेगा और 250 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाली ट्रेन बनाने का काम जारी है। वैष्णव ने रेलवे के कुल वार्षिक व्यय का ब्यौरा दिया और कहा कि पेंशन, वेतन, ऊर्जा खर्च और पट्टा-ब्याज भुगतान पर व्यय क्रमशः 55,000 करोड़ रुपए, 97,000 करोड़ रुपए, 40,000 करोड़ रुपए और 32,000 करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि अन्य 12,000 करोड़ रुपए रखरखाव पर खर्च होते हैं और सभी मिलकर लगभग 2.40 लाख करोड़ रुपए होते हैं। वैष्णव ने कहा, हम इन सभी खर्चों को पूरा करने में सक्षम हैं क्योंकि टीम प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में बहुत कड़ी मेहनत कर रही है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संबलपुर में संत कवि भीम भोई को श्रद्धांजलि अर्पित की



**संबलपुर/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के संबलपुर जिले में संत कवि भीम भोई को शनिवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने रायराखोल का दौरा किया और संत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इसके बाद वह केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ मधुपुर स्थित चौसठी सिद्धंकर धूनी मंडप गईं और सदा प्रज्वलित रहने वाले हवन में तेल डालकर 19वीं सदी के संत को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वह चौसठी सिद्धि आश्रम गईं। वहां राष्ट्रपति ने संतों के साथ संक्षिप्त चर्चा की और आश्रम के पुराने पेड़ के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आश्रम परिसर में पौधा भी लगाया। उन्हें संत कवि भीम भोई की एक तस्वीर और एक पुस्तक भेंट की गई। राष्ट्रपति ने आश्रम के लोगों के साथ भी बातचीत की और बच्चों को चॉकलेट बांटे। मुर्मू, भीम भोई की प्रशंसक हैं और उन्होंने जुलाई 2022 में राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद अपने पहले भाषण में उनका उल्लेख किया था। राष्ट्रपति ने 28 फरवरी को ओडिशा का अपना चार दिवसीय दौरा शुरू किया। वह मयूरभंज, क्योंझर, संबलपुर, गंजाम, कटक और खुर्दा जिलों में कई कार्यक्रमों में शामिल हुईं।



## केंद्र की सत्ता में आने पर कांग्रेस किसानों को 'कानूनी रूप से' एमएसपी प्रदान करेगी : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि केंद्र की सत्ता में आने पर उनकी पार्टी किसानों को कानूनी तौर पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्रदान करेगी।

राहुल 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के राजस्थान से मध्य प्रदेश में प्रवेश करने के बाद मुरैना में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। राहुल ने आरोप लगाया कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने दस से पंद्रह उद्योगपतियों के 16 लाख करोड़ रुपए के ऋण माफ कर दिए लेकिन किसानों को एमएसपी (कानूनी रूप से) देने से इनकार कर दिया।

पंजाब और हरियाणा में किसान संगठन वर्तमान में फसलों के लिए कानूनी रूप से गारंटीकृत एमएसपी के लिए आंदोलन कर रहे हैं। राहुल ने दावा किया कि अन्य पिछड़ा वर्ग, दलित और आदिवासियों सहित देश के 73 प्रतिशत लोगों का सरकार और विभिन्न अन्य क्षेत्रों में कोई प्रतिनिधित्व नहीं है और जातिगत जनगणना उनके लिए न्याय सुनिश्चित करेगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि जातिगत जनगणना विभिन्न क्षेत्रों में इन समुदायों की समान भागीदारी सुनिश्चित करेगी।

## नीतीश ने मोदी को दिया आश्वासन, 'मैं हमेशा राजग के साथ रहूंगा'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**औरंगाबाद (बिहार)/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आश्वासन दिया कि वह हमेशा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ बने रहेंगे।

औरंगाबाद जिले में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 21,400 करोड़ रुपए की परियोजनाओं के अनावरण समारोह के अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा, मुझे विश्वास है कि राजग गठबंधन आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतेगा। मैं आपको (प्रधानमंत्री) भरोसा दिलाता हूं कि अब मैं हमेशा राजग में रहूंगा।

कुमार पिछले महीने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व वाले महागठबंधन को छोड़ अपने पुराने सहयोगी भाजपा नीत राजग में लौट आए थे। कुमार ने कहा, हम बिहार में आपका (प्रधानमंत्री मोदी) स्वागत करते हैं। बिहार में खूब विकास हो रहा है। मुझे विश्वास है कि अब चीजें तेजी से आगे बढ़ेंगी और राज्य विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। प्रदेश के लोग अब आर्थिक रूप से अधिक सशक्त महसूस करेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से कहा, आप पहले भी बिहार आए थे लेकिन हम गायब हो गए थे। हम फिर आपके साथ हैं और अब मैं कहीं नहीं जाऊंगा। हम आप के साथ ही रहेंगे।

वहीं बिहार के उपमुख्यमंत्री और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र में यह पहली सरकार है, जिसने 2014 से 2019 और अभी तक लोगों से किए सभी वादों को पूरा किया है। पिछले 75 वर्षों में केंद्र की किसी भी सरकार ने ऐसा नहीं किया। ये प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है।

## त्रिपुरा के मूल निवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए केंद्र ने त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** त्रिपुरा के मूल निवासियों की समस्याओं के स्थायी समाधान के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में टिपरा मोथा और त्रिपुरा तथा केंद्र सरकारों के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। शाह ने कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर करके सरकार ने इतिहास का सम्मान किया है, पिछली गलतियों को सुधारा है और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने के लिए वर्तमान वास्तविकता को स्वीकार किया है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार समझौते के तहत, त्रिपुरा के मूल लोगों के इतिहास, भूमि और राजनीतिक अधिकारों, आर्थिक विकास, पहचान, संस्कृति और भाषा से संबंधित सभी मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने पर सहमति व्यक्त की गई। शाह ने कहा, मैं त्रिपुरा के सभी हितधारकों को आश्वस्त करता हूं कि अब आपको अपने अधिकारों के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। भारत सरकार आपके अधिकारों की रक्षा के लिए तंत्र बनाने में दो कदम आगे रहेगी। गृह मंत्री ने कहा कि कोई भी इतिहास नहीं बदल सकता लेकिन हर कोई अपनी पिछली गलतियों से सीख सकता है और आगे बढ़ सकता है।

## पांच बार के विधायक अरबिंद धाली ने बीजद से इस्तीफा दिया, भाजपा में शामिल होंगे



**भुवनेश्वर/भाषा।** पांच बार के विधायक अरबिंद धाली ने शनिवार को सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) से इस्तीफा दे दिया और कहा कि वह विपक्षी भाजपा में शामिल होंगे। खोरधा जिले के जयदेव क्षेत्र से विधायक धाली ने कहा कि उन्होंने अपना इस्तीफा बीजद अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को ईमेल के जरिए भेज दिया है। हालाँकि, उन्होंने अपने इस्तीफे का कोई कारण नहीं बताया। धाली पहली बार 1992 में भाजपा के टिकट पर उपचुनाव में मलकानगिरी सीट से विधानसभा के लिए चुने गए थे। उन्होंने लगातार दो बार यह सीट बरकरार रखी। इसके बाद, वह बीजद में शामिल हो गए और 2009 में जयदेव निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा के लिए चुने गए।

## सरकार 'मेक इन इंडिया' के सपने को साकार करने में विफल रही : मल्लिकार्जुन खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार 'मेक इन इंडिया' के सपने को साकार करने में विफल रही। उन्होंने विनिर्माण क्षेत्र से जुड़े कुछ आंकड़ों का उल्लेख करते हुए यह दावा भी किया कि सरकार की तरफ से पूरी तरह निष्क्रियता देखी गई है।

खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार 'मेक इन इंडिया' को साकार करने में विफल! विनिर्माण क्षेत्र में सरकार के कदमों को लेकर जोर-शोर से ढोल पीटने का शोर भी निष्क्रियता के कारण दब गया है।

उन्होंने सवाल किया, पिछले दशक में भारत की जीडीपी में विनिर्माण द्वारा जोड़ा गया मूल्य 16 प्रतिशत से घटकर 13 प्रतिशत क्यों हो गया है? मोदी सरकार में औसत विनिर्माण विकास में गिरावट क्यों आई है? खरगे के मुताबिक, कांग्रेस-संप्रग के दौरान औसत विनिर्माण विकास दर 7.85 प्रतिशत थी, जो घटकर लगभग 6 प्रतिशत ही रह गई। उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने 2022 तक विनिर्माण क्षेत्र में 10 करोड़



नौकरियों का वादा किया था। वे नौकरियां कहां हैं? पिछले 10 वर्षों में विनिर्माण क्षेत्र में कार्यबल में गिरावट क्यों आई है?

कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल किया, क्या यह सच नहीं है कि उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का अधिकांश हिस्सा शुरू होने में विफल रहा? प्रमुख क्षेत्रों के लिए धन का बड़े पैमाने पर कम उपयोग क्यों किया गया? उन्होंने दावा किया कि कपड़ा क्षेत्र में पीएलआई के 96 प्रतिशत कोष का इस्तेमाल नहीं किया गया तथा नवीकरणीय क्षेत्र में पीएलआई के लिए शून्य निधि प्रदान की गई। उन्होंने सवाल किया, भारत के निर्यात में प्रतिशत वृद्धि जो कांग्रेस-संप्रग के दौरान 549 प्रतिशत थी, मोदी सरकार के दौरान घटकर केवल 90 प्रतिशत कैसे रह गई? उन्होंने यह भी प्रश्न किया, क्या यह भाजपा का नकली राष्ट्रवाद नहीं है जिसके कारण गलवान में 20 बहादुरों के बलिदान के बाद भी चीनी आयात में 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई?

खरगे ने कहा, भारत को मजबूत और समावेशी रोजगार सृजन की जरूरत है। नौकरी सृजनकर्ताओं की क्षमताओं को बढ़ावा देने और उच्च तकनीक नेटवर्क को जोड़कर उत्पादन को व्यवस्थित करने की आवश्यकता है। विनिर्माण में मूल्यवर्धन और निर्यात को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, अतीत में केवल कांग्रेस पार्टी ने ही ऐसा किया है। अब केवल कांग्रेस पार्टी ही ऐसा करने में सक्षम है।

## अनुभव के साथ नकारात्मक चीजों से दूर रहना सीखा : पीआर श्रीजेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय हॉकी टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश शनिवार को कहा कि उन्होंने अनुभव के साथ नकारात्मक विचारों से दूर रहना सीख लिया है, जिससे उन्हें बड़े मैचों में गोल पोस्ट पर मुस्दैत रहने में मदद मिलती है। पेरिस ओलंपिक की तैयारी कर रहे श्रीजेश का इशारा गोलकीपर के मुश्किल काम के लिए कम सराहना मिलने की ओर था।

प्राइम वॉलीबॉल लीग फ्रेंचाइजी 'बेंगलूरु टॉरपीडोज' के मुख्य कोच डेविड ली के साथ बातचीत के दौरान श्रीजेश ने कहा, कभी-कभी यह ऐसी जिम्मेदारी होती है जिसकी सराहना नहीं की जाती है। मैंने अगर 10 गोल बचाए और एक गोल खाया, तो हर किसी को वह एक गलती याद रहेगी। मैंने हालांकि इन चीजों को स्वीकार कर लिया है और मैं इसके साथ आगे बढ़ गया हूं। उन्होंने कहा, इस पेशे ने मुझे निजी जीवन में दबाव और आलोचना से निपटने में भी मदद की है। ली अपने खेल के दिनों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ वॉलीबॉल खिलाड़ियों में रहे है। उन्होंने तीन ओलंपिक में अमेरिका का प्रतिनिधित्व करते हुए एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक हासिल किया है। इस बातचीत में श्रीजेश ने कहा, गोलकीपर का काम मानसिक होता है। एक खिलाड़ी होने के नाते, हम समझते हैं कि हम किसी मैच में कैसे शामिल होना चाहते हैं। एक गोलकीपर होने के नाते, मैं सिर्फ पीछे खड़ा हूं और मेरा खेल मेरे दिमाग में है।

## सुविचार

**ज़िंदगी में ऐसा इंसान का होना बहुत ज़रूरी है, जिसका दिल का हाल बताने के लिए लफ़्ज़ों की ज़रूरत ना पड़े।**

## ट्वीट



पुरानी सरकारों की बेरुखी के कारण बरौनी, सिंदरी, गोरखपुर, रामागुंडम के खाद कारखाने बंद पड़ गए थे। आज ये सारे कारखाने यूरिया में भारत की आत्मनिर्भरता की शान बन रहे हैं। इसलिए तो देश कहता है– मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी।

–नरेन्द्र मोदी



आज राजस्थान की सर्वांगीण उन्नति को सुनिश्चित करती बहुप्रतीक्षित यमुना जल समझौते की ऐतिहासिक सफ़लता के पश्चात खेतड़ी में आयोजित आभार सभा में देवतुल्य जनता को संबोधित करते हुए उनका आत्मीय स्नेहाशीष प्राप्त किया।

-भजनलाल शर्मा

## कहानी

# पूरी हो गई कहानी

गर्मी के मौसम में पिछले कई दिनों से शहर में लू का दौर जारी था। सुबह से ही धूप के तीखे तेवर हो जाने के कारण सड़क और बाजार में लोगों की आवाजाही कम हो जाती थी। लोग लू से बचने के हर जतन कर रहे थे। दिन भर तपिश के कारण रात का मिजाज भी तल्ख रहने लगा था। हवा नहीं के बराबर चल रही थी। लोगों के शरीर से बहता पसीना रुकने का नाम ही नहीं ले रहा था। शहर में पानी की किल्लत नहीं होने के कारण परेशानियां कुछ कम हो गईं थीं।

राजन के घर के बगीचे में शाम को माली पानी देकर जा चुका था। बगीचे में हरी भरी घास के चारों ओर बनी क्यारियों में पौधों पर खिले रंग – बिरंगे फूल अपनी ताजगी और खुशबू से मन को रिझा देते थे। बगीचे में हर तरफ मनमोहक फूलों ने अपनी छटा बिखेर रखी थी। इनके बीच गुलाब के काफी फैले हुए पौधे ने मानो बगीचे की खूबसूरती में चार चांद लगा दिए थे।

राजन ने अपने कमरे की खिड़की से बाहर देखा तो शाम के वक़्त धूप के टुकड़े अभी इमारतों की दीवारों पर चिपके हुए थे। धीरे – धीरे डूबते हुए सूरज की रोशनी उसके घर से कुछ ही दूरी पर बहते दरिया की सतह पर उस दिन की अपनी आखिरी उपस्थिति दर्ज करा रही थी। वह बगीचे में आकर बैठ गया और अपनी पत्नी नेहा के आने का इंतज़ार करने लगा। नेहा ने कॉलेज में उसके सहपाठी रहे समर को रात के भोजन पर आमंत्रित किया था। वह उसे लेने होटल गई थी। समर भी नेहा की तरह यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर था। उसकी पोस्टिंग दूसरे राज्य में थी। समर यहां पब्लिक सर्विस कमीशन में लेक्चरर के इंटरव्यू में सब्जेक्ट एक्सपर्ट के रूप में आया था। उसके साथ उसकी पत्नी भी आई हुई थी।

शाम के धुंधलके के घर की खिड़कियों पर से उतरने से पहले नेहा कार में समर और उसकी पत्नी को लेकर आ गई थी। राजन ने पोर्च में कार के आने पर सबसे पहले कार से उतरे समर का गर्मजोशी से स्वागत किया और दोनों बगीचे में रखी कुर्सियों पर बैठ गए। वे दोनों पहली बार मिल रहे थे। कुछ ही देर में नेहा और समर की पत्नी भी वहां आ गए। राजन ने जब समर की पत्नी को देखा तो उसे एक बार अपनी आंखों पर विश्वास ही नहीं हुआ। क्योंकि उसके सामने जो खड़ी थी वह कोई और नहीं बल्कि कभी उसकी प्रेमिका रही उषा थी। उषा से शिद्दत से किया प्यार आज भी उसके दिल के कोने में जीवित था। उसने देखा कि उषा के चेहरे की कशिश , सौंदर्य और सम्मोहन इतने सालों बाद भी बरकरार थे। जिन पर कभी मंत्रमुग्ध होकर वह उषा के प्यार की गिरफ्त में आ गया था। उषा का आकर्षण कम नहीं हुआ था।

लगभग तीस साल बाद उषा को सामने देखकर राजन के मन में कई तरह के सवालों के बवंडर उठने लगे। उसके दिमाग में तरह – तरह के विचार अबाध गति से चलने लगे थे। उसके माथे से पसीने की बूंदें टपकने लगी थी। नेहा की आवाज सुनकर वह सामान्य हुआ। नेहा ने उषा से उसका परिचय कराया। उसने उषा के चेहरे पर उभरते और मिटते भावों को पढ़ते हुए देखा कि उषा के होठों पर सूखी बेजान हंसी थी। उषा भी राजन को देखते ही पहचान गई थी। एक अजीब सी कंपकपी के साथ वह पसीने से भीग गई थी। बगीचे में सबके साथ बैठी उषा चुप थी । राजन और उषा एक दूसरे से आंखें मिलाने से कतरा रहे थे। एक दूसरे को अनदेखा करने की कोशिश में दोनो अपने को असहज महसूस कर रहे थे। समर ने बगीचे की खूबसूरती की खुले दिल से तारीफ करी । नेहा ने उसे बताया राजन के एक मित्र ने हमारे विवाह से पहले गुलाब के फूलों का छोटा पौधा इन्हे तोहफे में दिया था। गुजरते समय के साथ आज वही पौधा बहुत फैलकर अपनी सुंदरता और खुशबू से हमारे बगीचे की शोभा बढ़ा रहा है। यह सुनकर उषा की आंखें झरना चाहती थीं , लेकिन झर नहीं पा रही थीं।

अचानक बिना मौसम के आसमान में घने काले बादल छा गए थे। देखते ही देखते अंधेरा गहरा गया था। सभी लोग बारिश की संभावना को देखते हुए घर के अंदर आ गए। उनमें आपस में चल रही बातचीत में राजन को कोई दिलचस्पी नहीं थी। समर घर में प्रवेश करते ही घर की खूबसूरती का कायल हो गया। घर में हर चीज साफ सुथरी और व्यवस्थित ढंग से रखी हुई थी। ड्राइंग रुम में रखे शो केस में सजाकर रखे हुए राजन को मिले पुरस्कारों को देखकर समर ने नेहा से पूछा क्या डॉक्टर साहब को साहित्य में भी रुचि रखते हैं ? हम तो यही समझ रहे थे कि इस शहर के सबसे मशहूर मेडिकल डॉक्टर को तो मरीजों को देखने से ही समय नहीं मिलता होगा। वैसे भी साहित्य तो इनका विषय कभी नहीं रहा। फिर यह सब कैसे ......?

नेहा बताने लगी डॉ. राजन घर पर मरीज नहीं देखते। मेडिकल कॉलेज में पढ़ाने और संबंधित हॉस्पिटल में मरीज देखने के बाद जब भी समय मिलता है ये घर पर आराम से बैठकर कहानी , लघुकथा , कविता , व्यंग्य और ग़ज़ल लिखा करते हैं। इनकी रचनाएं देश – विदेश की नामी पत्र – पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहती हैं। विभिन्न सरकारी और गैरसरकारी संस्थाओं और संगठनों द्वारा समय – समय पर इन्हे पुरुस्कृत किया गया है। मेरा जब भी मन करता है तो इनकी डायरी में लिखी कोई रचना पढ़ लेती हूं। राजन मुझे अपनी लिखी हर रचना प्रकाशन के लिए भेजने से पहले पढ़कर सुनाते हैं। मैं एक आदर्श श्रोता बनकर उनका लुत्फ उठाती हूं।

कुछ देर और की बातचीत के बाद वे सभी डाइनिंग टेबल पर परोसे गए खाने का स्वाद लेने लगे। खाना खाते समय समर ने राजन से पूछा डॉक्टर साहब , मेरी पत्नी उषा भी इसी शहर से है। अभी अपनी बातचीत से मुझे पता चला कि जिस वर्ष में आप मेडिकल कॉलेज स्टूडेंटस यूनियन के प्रेजिडेंट थे , उसी वर्ष उषा भी अपने गर्ल्स कॉलेज की स्टूडेंटस यूनियन की प्रेजिडेंट थी। शहर के विभिन्न कॉलेज के आपस में होने वाली सांस्कृतिक और अन्य कार्यक्रमों की प्रतिस्पर्धा में उषा हमेशा बढ़चढ़कर हिस्सा लेती थी। क्या आप दोनों का कभी किसी कार्यक्रम में मिलना नहीं हुआ ? ताज़ुब है कि इतना सब कुछ होते हुए भी आप दोनों एक दूसरे को नहीं जानते । राजन और उषा दोनों ने कहा कि वे एक दूसरे को पहले कभी नहीं मिले और न ही जानते थे।

समर या किसी अन्य को राजन कैसे बताता कि उसके और उषा के बीच लगभग तीस साल पहले एक रिश्ता था। उस अतीत से वर्तमान का कोई वास्ता नहीं था। राजन और उषा के आपस में व्यवहार से लग रहा था कि दोनों एक दूसरे से मिलकर सहज नहीं थे। दोनों नहीं चाहते थे कि अतीत में दफ़न उनका रिश्ता बाहर आए। दोनों आपस में मिलने के बाद अपने आंसुओं को पी गए थे।क्योंकि वो जानते थे कि उनके आंसुओं को पढ़कर कोई भी पूरा माजरा समझ सकता था।उन आंसुओं में उनकी गृहस्थी को प्रभावित करने की पर्याप्त ताकत थी।लेकिन वहां ऐसा कुछ हुआ नहीं।

राजन और उषा को एक दूसरे की आंखों में उदासी साफ दिखाई देने लगी थी। दोनों की सफर में एक साथ चलने के कुछ कदम बाद में राहें जुदा हो गई थीं। तीस साल के समय ने उनके चेहरे पर अपने निशान जरूर बनाए थे। लेकिन उनके रिश्ते के राज की गहराई उनकी आंखों में आज भी थी। गुजरता समय उस गहराई को नहीं भर पाया था।दोनों का साथ में गुजारा समय अतीत बनकर यादों में बदल चुका था। दोनों की ज़िंदगी सफल थी । परन्तु कहीं मन की कसक ने उसमें अकेलापन भर दिया था। खाना खाते समय उषा की आंखें नम होने लगी थीं। खाना खाने के बाद भी बातचीत का दौर चलता रहा। राजन खामोश बैठा उनकी बातें सुन रहा था। समर और नेहा अपने कॉलेज के मित्रों के बारे में जानकारी साझा कर रहे थे। उनकी किसी बात पर उषा मुस्कुरा देती। उसकी फीकी मुस्कुराहट के पीछे छिपा दर्द राजन को साफ दिखाई दे रहा था।


कुछ देर बाद ही बिजली कड़कने के साथ मूसलाधार बारिश शुरु हो गई थी। ऐसे में समर और उषा को होटल तक छोड़ना सम्भव नहीं था। मौसम को देखते हुए नेहा ने समर और उषा को रात उनके घर पर बिताने के लिए कहा। वो दोनों रात को वहीं रुक गए। अपने कमरे में राजन बिस्तर पर करवटें बदल रहा था। उसकी आंखों से नींद मानो कोसों दूर जा चुकी थी। पास में नेहा गहरी नींद में सो रही थी। वह अलसाए कदमों से कमरे से निकलकर बालकनी में आकर कुर्सी पर बैठ गया। बाहर तेज बारिश हो रही थी। उसे रात कुछ ज्यादा ही अंधेरी लग रही थी। अचानक उसका अतीत एक नई शक्ल में उसके सामने आ गया था। इससे उसे सुख का अहसास कम और दुख का ज्यादा था। वह उषा को देखकर आश्चर्यचकित जरुर हुआ था परन्तु रोमांचित बिल्कुल नहीं था। उसका लगभग मर चुका अतीत फिर से सांसें लेने लगा था । उषा के साथ बिताया समय चलचित्र की तरह उसकी आंखों के आगे से गुजरने लगा।

राजन और उषा एक स्कूल में एक ही क्लास में साथ – साथ पढ़ते थे। दोनों एक दूसरे को जानते और दोस्त थे। दोनों के मध्यम वर्गीय परिवार में भी काफी सामाजिक और आर्थिक समानताएं थीं। स्कूल की पढ़ाई पूरी होने और पी एम टी पास करने के बाद राजन का मेडिकल की पढ़ाई के लिए स्थानीय मेडिकल कॉलेज में एडमिशन हो गया था। उषा खुद के पी एम टी में पास नहीं हो पाने के कारण निराश थी। उसने स्थानीय गर्ल्स कॉलेज में बी एस सी की पढ़ाई के लिए एडमिशन ले लिया। इसके बाद भी राजन और उषा की आपस में मुलाकातें बढ़ने लगी थीं। बीतते समय के साथ दोनों एक दूसरे को दोस्ती से बढ़कर पसंद करने लगे थे और रोमानी अंदाज में मिला करते थे। उनकी आंखों ही आंखों पैगाम लिए और दिए जाने लगे । धीरे – धीरे उनकी यह पसंदगी प्यार में बदल गई और साथ में जीने की चाहत रखने लगे। दोनों के परिवार वाले इस बात से अनजान थे। समय पंख लगाकर उड़ रहा था। उषा के बी एस सी पास करने के बाद परिवार वाले उसके लिए सुयोग्य वर ढूंढने लगे। उस समय राजन एम बी बी एस के फाइनल ईयर में पढ़ रहा था। राजन के कहने के बावजूद उषा अपने परिवार वालों से उनके संबंध के बारे में बात करने का साहस नहीं जुटा पाई । राजन ने उसे एम एस सी की पढ़ाई करने की सलाह दी । इस दौरान राजन की भी एम बी बी एस की पढ़ाई पूरी हो जाती। उसके बाद वह नौकरी लगते ही उषा के साथ विवाह करने की सोच रहा था।उषा ने किसी तरह अपने परिवार को समझाकर एम एस सी की पढ़ाई के लिए यूनिवर्सिटी में एडमिशन ले लिया। वो दोनों भविष्य के गर्भ में क्या छिपा था नहीं जानते थे। उषा की एम एस सी की पढ़ाई पूरी होने से पहले राजन का एम बी बी एस की पढ़ाई पूरी होने के बाद पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई करने के लिए विदेश के एक मेडिकल कॉलेज में एडमिशन हो गया ।राजन को पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप भी मिली थी।

राजन से मिलने पर उसके विदेश जाने का सुनकर उषा के चेहरे पर कई तरह की चिंता और पीड़ा के रंग चढ़ने और उतरने लगे थे। दोनों एक दूसरे का हाथ थामे बहुत देर तक खामोश बैठे थे । लेकिन उनकी आंसुओं से छलकती हुई आंखें बोल रही थीं। दोनों बार – बार एक दूसरे की आंसू पोंछ रहे थे । राजन ने उषा को समझाया कि हमें अपने सुनहरे भविष्य को देखते हुए विवाह के लिए तीन साल और इंतज़ार करना पड़ेगा। तब तक तुम्हारी भी एम एस सी की पढ़ाई पूरी हो जाएगी। मेरे विदेश से पढ़ाई पूरी करने के बाद यहां आते ही हम विवाह कर लेंगे। यह कहने के बाद राजन के चेहरे की मुस्कान ही उसके अनकहे शब्द बन गई थी। कुछ दिनों बाद राजन विदेश चला गया। एक दूसरे के बारे में जानने के लिए उन दोनों के बीच पत्र के अलावा सम्पर्क का कोई साधन नहीं था। राजन के यह पत्र भी उसके एक मित्र के पते पर आते थे। वह मौका देखकर उषा तक पत्र पहुंचा देता। उषा के घर पर टेलीफोन नहीं था। राजन से बात करने के लिए उषा को टेलीफोन डिपार्टमेंट जाकर फोन बुक कराने के बाद घन्टों इंतज़ार करना पड़ता। जो उषा के लिए संभव नहीं था। यह सुनिश्चित था कि उन दोनों की फोन पर बात नहीं हो सकती थी। विदेश जाने के डेढ़ साल बाद एक बार राजन अपने शहर आया था। उषा उससे मिलकर बहुत खुश हुई थी। दोनों के बीच पहले जैसा रिश्ता कायम था। तीन साल बाद अपनी पढ़ाई पूरी हो जाने के बाद राजन अपने शहर लौट आया था। उषा के साथ राजन उनके संजोये भविष्य के सपनों को पंख देकर नई उड़ान भरने के लिए उत्साहित था। यहां पहुंचते ही राजन को अपने एक मित्र से पता चला कि पड़ोस के राज्य के एक सभ्रान्त और धनी परिवार के लड़के से उषा का विवाह एक साल पहले हो चुका था।उषा का पति वहां सरकारी कॉलेज में लेक्चरर था। उषा के परिवार वाले इस रिश्ते से बहुत खुश थे।उन्होने उषा के लिए जिस तरह के वर की कामना की थी वैसा उसे मिल गया था। परिवार वालों की जिद , दबाव और घर के आंगन की मर्यादा के कारण उषा ने अपने मन की बात को खामोशी की चादर में ढके रखा। उषा ने राजन से इस विषय में संपर्क करने की बहुत कोशिश करी। लेकिन उनके भाग्य को यही मंजूर था। यह पता चलते ही राजन के पैरों के नीचे से मानो जमीन ही खिसक गई। उसके सपने टूटकर बिखर गए थे। उसके जीवन में बहुत घटनाएं घटी थीं। लेकिन यह ऐसा घटित हुआ जिसे पलटा नहीं जा सकता था। उसके अंदर एक कसक सी उठी मानो बहुत कुछ दरक गया था। इस घटना ने उसके वजूद को हिलाकर रख दिया था। वह बहुत भावुक था। वह जिधर देखता उसे वीराना और अंधेरा ही नजर आता। उसके मन में उदासी और अजीब सा सूनापन आ गया था। कम समय में प्यार , उदासी , अलगाव और टूटे सपनों को लेकर उषा उसकी ज़िंदगी से बहुत दूर चली गई थी। इस रिश्ते के टूटने के दर्द को वह अच्छी तरह समझता था। उसे लग रहा था कि इन हालात का जिम्मेदार वही था। वह अपराध बोध में धंसता जा रहा था। उसका अतीत मर चुका था। जिसे वह पुनर्जीवित नहीं कर सकता था। यह सब सोचते हुए उसे लगने लगा कि उसकी ज़िंदगी भटकने लगी थी। उसने किसी तरह खुद को संभाला। उसे ज़िंदगी का सफर खुद तय करना था। समय अपनी गति से चल रहा था। राजन की दुनिया बदल चुकी थी। समय के साथ उसके अंदर भावनाओं के विस्फोटों की आग ठंडी पड़ चुकी थी। लेकिन कभी – कभी उसे उन विस्फोटों की राख में उषा का चेहरा झांकता हुआ नजर आता था। मेडिकल कॉलेज में लेक्चरर की नौकरी लगने के बाद उसका विवाह नेहा से हो गया था। इतने सालों में उसे उषा के बारे में किसी तरह की कोई खबर नहीं थी। राजन अपने विवाह के तीस साल बाद अचानक अपनी विवाहित प्रेमिका को अपने घर पर देखकर परेशान हो गया था। उन दोनों के वैवाहिक जीवन में किसी तरह की कोई आंच नहीं आए इसलिए उसने अपना व्यवहार सामान्य रखा था । किसी के कदमों की आहट से वह यादों के मकड़जाल को भेदता हुआ वर्तमान में लौटा। सुबह होने के साथ बाहर बारिश रुक गई थी। उसने देखा कि उससे कुछ दूरी पर ही उषा उसकी लिखी कहानियों वाली डायरी हाथ में लिए खड़ी थी। नजरें मिलने पर उसने उषा को पास में रखी कुर्सी पर बैठने का इशारा किया। बहुत देर तक दोनों निःशब्द बैठे रहे। आपस में बातचीत कैसे शुरु करें उन्हे समझ में नहीं आ रहा था। दोनों एक दूसरे को देख रहे थे। एक दूसरे के प्रति रही चाहत के भाव आज भी उनके चेहरे पर थे। उनकी आंखें जो देख और दिल महसूस कर रहा था उस अहसास को किसी के साथ बांटा नहीं जा सकता था। उनके बीच की खामोशी और अतीत में दफ़न हो चुका प्यार बहुत कुछ बयां कर रहे थे। उन दोनों के साथ ऐसे दर्द भी थे जो उन्होने अकेले ही सहे थे। उन दर्द को वो आज साझा नहीं कर सकते थे। उन दोनों के सफर में ऐसा सैलाब आया जो उनका सब कुछ बहाकर ले गया । उनका सफर अब सिर्फ यादों में सिमेटकर रह गया था। आज वो दोनों एक दूसरे के पास होते हुए भी बहुत दूर थे। उनके टूटे हुए सपनों के टुकड़े इसी शहर में बिखरे पड़े थे।

उषा किसी भयभीत बच्चे की तरह कातर निगाहों से राजन की ओर देख रही थी। उनके बीच अनकहे लम्हों में शायद शब्द खत्म हो गए थे। उषा की आंखें उससे माफी मांग रही थीं। उन दोनों को इस बात का अहसास था कि उन्होने समय के हाथों क्या गंवाया था। समय के कैनवास पर दोनों अपने – अपने रंगों के साथ आज भी सुलग रहे थे। समय ने किसी और के साथ ज़िंदगी जीने का मौका दिया था। बालकनी में बैठे दोनों के बीच बहुत देर तक खामोशी का कुहासा पसरा रहा। उन दोनों के भीतर भयंकर कोलाहल था और बाहर चुप्पी थी। उषा कुछ देर तक नम आंखों से बादलों से खाली होते आसमान की ओर देखती रही। सालों से अपने दिलो दिमाग में जमे गर्दो गुबार को वह राजन के सामने उड़ेल देना चाहती थी। राजन अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखते हुए उषा की आंखों की भाषा को पढ़ रहा था।

राजन समय के नाखूनों से यादों को कुरेदना नहीं चाहता था। वह जानता था कि यादों से मिलकर बनी ज़िंदगी कोलाज़ के अलावा कुछ नहीं। उसके साथ भी ऐसा ही हुआ था। उषा के लिए दुख और परेशानी भरे इतने लंबे समय का बोझ राजन को अब नहीं रहा था। उषा के प्रति किसी भी तरह की शंका के बादल उसके दिल और दिमाग पर से छंट गए थे। वह बिना कुछ बोले बालकनी से बगीचे में चला आया। बगीचे में आकर वह गुलाब के पौधे को निहारने लगा। समय के साथ बनते – बिगड़ते मौसम के थपेड़े खाकर भी यह पौधा जीवित खड़ा था। यह पौधा राजन को उषा ने ही दिया था। राजन के घर पर काम करने वाला लड़का भोला सबके लिए सुबह की चाय बगीचे में ही लेकर आ गया था। समर , हाथ में डायरी लिए उषा और नेहा भी वहां आ गए थे। नेहा के साथ उषा बगीचे में चक्कर लगाते हुए गुलाब के पौधे को निहारने लगी। उषा ने हिम्मत कर राजन से पूछा डॉक्टर साहब , आपकी डायरी में सभी कहानियां पूरी लिखी हुई हैं। लेकिन पहली कहानी ही अधूरी लिखी हुई है ? यह सुनकर चाय का प्याला लिए पास में खड़ी नेहा ने कहा यह अधूरी कहानी राजन ने हमारे विवाह से पहले कभी लिखी थी। पता नहीं यह कहानी कब पूरी होगी या अधूरी कहानी ही रहेगी ? इससे पहले कि वहां मौजूद कोई और व्यक्ति कुछ बोलता राजन यह अधूरी कहानी अब अधूरी नहीं रही , पूरी हो गई है .... कहते हुए अपनी नम आंखें लिए हॉस्पिटल जाने के लिए तैयार होने का कहकर तेज कदमों से घर के अंदर चला गया।



सुधीर केवलिया
संपर्क : 09413279217

## संजय उवाच



■ संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com

# सदाहरी

किसी आयोजन से लौटा हूँ। हाथ में आयोजन में मिला पुष्पगुच्छ है। पुष्पगुच्छ घर में नियत स्थान पर रख देता हूँ। दैनिक आपाधापी में ध्यान ही नहीं रहा और तीन दिन बीत गए। चौथे दिन गुच्छ पर दृष्टि पड़ी। गुच्छ लगभग सूख चुका है। देखता हूँ कि छोटे–छोटे श्वेत पुष्पों के समूह के बीचो–बीच कुछ गुलाब फँसा कर रखे गए थे। वे पूरी तरह पुष्पित हुए बिना ही सूखने की कगार पर हैं। पुष्पों को एक जगह एक आकार में टिकाए रखने के लिए कसकर टेप चिपकाया गया है। टेप के बंधन से मुक्त कर गुच्छ के पुष्पों को एक छोटे खाली गमले में रखकर थोड़ा जल छिड़कता हूँ। खुली हवा में साँस लेने के साथ धूप और जल मिलने से संभवत: उनका जीवन दो–तीन दिन और बढ़ जाए।

विचार शृंखला यही से आरंभ हुई। कितने लोगों का जीवन प्रतिकूलता में ही बीत जाता है। उनके बंधन भी इस टेप की तरह उन्हें बांधे रखते हैं। इनमें थोपे हुए, मानसिक, वैचारिक सभी प्रकार के बंधन होते हैं। स्त्री, पुरुष दोनों इस प्रतिकूलता के शिकार हैं। तथापि अन्यान्य कारणों से स्त्रियों को प्रतिकूलता का दंश अधिक भोगना पड़ता है।

स्त्री मायके की माटी से निकालकर ससुराल की माटी में रोपी जाने वाली बेल है। अधिकांश समय नए स्थान, नई परिस्थितियों, नए क्षेत्र की माटी के तत्वों से संतुलन बैठाने का समय दिए बिना ही बेल से जड़ें जमाने और पल्लवित होते रहने की अपेक्षा कर ली जाती है। जबकि बहुधा उसकी जड़ें मिट्टी की तह तक पहुँच ही नहीं पातीं। पुष्पगुच्छ के गुलाब की तरह उसका विकास रुक जाता है। दैनिक जीवन में ऐसी अनेक मुरझाई बेलों से आपका भी सामना हुआ होगा। एक ऐसी वरिष्ठ महिला मिलीं जिन्हें जीवन के छह दशक देख लेने के बाद भी सलवार–कुर्ता ना पहन सकने की कसक थी। उनके घोर रुढ़िवादी परिवार में इसकी अनुमति नहीं थी। अब उनकी बहू इच्छित वस्त्रों में रहती है पर वे जाने–अनजाने एक मानसिक बंधन स्वयं पर लाद चुकी हैं। स्वयं ही उससे मुक्त नहीं हो पा रहीं पर भीतर मुरझाई हुई इच्छा अब भी साँस ले रही है। स्त्रियों के संदर्भ को ही आगे बढ़ाएँ तो संभव है कि किसी स्त्री के मायके में भोजन में मिर्च– मसाला न के बराबर डाला जाता रहा हो। ससुराल में मिर्च मसाले के बिना भोजन की कल्पना ही नहीं की जाती। ऐसे में पहले कुछ महीने तो उसके लिए भोजन भी दूभर हो जाता है।

अपना परिवार छोड़कर एक नए परिवार में आई अकेली महिला की पसंद–नापसंद का सम्मान करना नए परिवार का दायित्व होता है। प्राय: होता उल्टा है और नए परिजनों की सारे आदतों का सम्मान करने का बोझ नवेली पर डाल दिया जाता है। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में स्त्रियाँ निरंतर संघर्ष करती दिखाई देती है। पारिवारिक दायित्वों के चलते अनेक बार वे नौकरी में पदोन्नति को ठुकरा देती हैं ताकि स्थानांतरण ना हो और परिवार बंधा रह सके।

कंटकाकीर्ण पथ पर चलती स्त्रियों के लिए सुगम पगडंडी बनाने में हाथ बँटाइए। पुष्पित– पल्लवित होने के लिए उन्हें उर्वरा माटी मुहैया कराइए। जिसे दूसरे घर से लाए हैं, उसे आपके घर की होने, इस घर को अपना बनाने के लिए समय दीजिए।

स्त्रियाँ सदाहरी बेल हैं। सृष्टि में मनुष्य प्रजाति के सातत्य का बीड़ा उन्होंने उठा रखा है। इस सप्ताह महिला दिवस भी है। भारी–भरकम शाब्दिक जंजालों से बचते हुए उनका मार्ग निष्कंटक करने और उन्हें विकास के समुचित अवसर देने के लिए प्रयास करें। आइए, इन सदाहरी बेलों का सदा समुचित सम्मान करें।

## बोध कथा

# हरे घोड़े की कहानी

एक शाम राजा अकबर अपने प्रिय बीरबल के साथ अपने शाही बगीचे की सैर के लिए निकले। वह बगीचा बहुत ही शानदार था। चारों ओर हरियाली ही हरियाली थी और फूलों की भीनी भीनी खुशबू वातावरण को और भी खूबसूरत बना रही थी। ऐसे में राजा को जाने क्या सूझा कि उन्होंने बीरबल से कहा, बीरबल! हमारा मन है कि इस हरे भरे बगीचे में हम हरे घोड़े में बैठ कर घूमें। इसलिए मैं तुम्हें आदेश देता हूं कि तुम सात दिनों के अंदर हमारे लिए एक हरे घोड़े का इंतजाम करो। वहीं अगर तुम इस आदेश को पूरा करने में असफल रहते हो, तो तुम कभी भी मुझे अपनी शक्ल न दिखाना।

इस बात से राजा व बीरबल दोनों वाकिफ थे कि आज तक दुनिया में हरे रंग का घोड़ा नहीं हुआ है। फिर भी राजा चाहते थे कि बीरबल किसी बात में अपनी हार स्वीकार करें। इसी कारण उन्होंने बीरबल को ऐसा आदेश दिया। मगर, बीरबल भी बहुत चालाक थे। वो भली भांति जानते थे कि राजा उनसे क्या चाहते हैं। इसलिए वो भी घोड़ा ढूंढने का बहाना बनाकर सात दिनों तक इधर–उधर घूमते रहे। आठवें दिन बीरबल दरबार में राजा के सामने पहुंचे और बोले, महाराज! आपकी आज्ञा के अनुसार मैंने आपके लिए हरे घोड़े का इंतजाम कर लिया है। मगर, उसके मालिक की दो शर्तें हैं।

राजा ने उत्सुकता से दोनों शर्तों के बारे में पूछा। तब बीरबल ने जवाब दिया, पहली शर्त यह है कि उस हरे घोड़े को लाने के लिए आपको स्वयं जाना होगा। राजा इस शर्त के लिए तैयार हो गए। फिर उन्होंने दूसरी शर्त के बारे में पूछा। तब बीरबल ने कहा, घोड़े के मालिक की दूसरी शर्त यह है कि आपको घोड़ा लेने जाने के लिए सप्ताह के सातों दिन के अलावा कोई और दिन चुनना होगा। यह सुन राजा हैरानी से बीरबल की ओर देखने लगे। तब बीरबल ने बड़ी सहजता से जवाब दिया, महाराज! घोड़े का मालिक कहता है कि हरे रंग के खास घोड़े को लाने के लिए उसकी यह खास शर्तें तो माननी ही होंगी। राजा अकबर बीरबल की यह चतुराई भरी बात सुनकर खुश हो गए और मान गए कि बीरबल से उसकी हार मनवाना वाकई में बहुत मुश्किल काम है।

### कहानी से सीख

यह कहानी हमें यह सिखाती है कि सही सूझबूझ और समझदारी के साथ नामुमकिन लगने वाले काम को भी आसानी से किया जा सकता है।



## वीर गाथा

# नायक उर्बा दत्त: घास के ढेर में छुपकर भी आतंकवादी इनके निशाने से नहीं बच पाए

नायक उर्बा दत्त का जन्म उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में हुआ था। माता रमा देवी और पिता रामदत्त के बहादुर बेटे उर्बा दत्त अपनी स्कूली पढ़ाई पूरी करने के बाद सेना में भर्ती हो गए थे। उन्हें 3 कुमाऊं में शामिल किया गया था।

साल 1998 में उर्बा दत्त अपनी यूनिट के साथ जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में तैनात थे। यहां यूनिट द्वारा आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया जा रहा था। इसमें यूनिट को बड़ी सफलता मिल रही थी।

23 फरवरी को विशेष खुफिया सूत्रों से सूचना मिली कि कुछ आतंकवादी श्रीनगर के सलूर गांव से गुजरने वाले वीआईपी काफिले के रास्ते में विस्फोटक सामग्री डालने की साजिश रच रहे हैं।

इस सूचना का विश्लेषण करने के बाद रात लगभग नौ बजे उस गांव के एक इलाके को सेना ने घेर लिया। उर्बा दत्त उस खोज और घेराबंदी अभियान को अंजाम देने वाली टीम में शामिल थे।

अगले दिन सुबह 11 बजे उस मोहल्ले के आखिरी घर की तलाशी ली जा रही थी। इस दौरान उर्बा दत्त को छत पर घास के ढेर में कुछ संदिग्ध हलचल दिखाई दी। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए संदिग्ध आतंकवादियों पर गोलीबारी की। आतंकवादी खुद को गोलीबारी से बचाते हुए एक नाले में कूदे और जंगल की ओर भाग गए। उर्बा दत्त ने अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए आतंकवादियों का पीछा किया। इस दौरान वे गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने एक आतंकवादी को मार गिराया। दूसरे को गंभीर रूप से घायल करने के बाद स्वयं वीरगति को प्राप्त हो गए। बाद में वह आतंकवादी ढेर हो गया।

उर्बा दत्त जैसे भारत मां के बलिदानी बेटों के कारण ही आज हमारा देश सुरक्षित है। नायक उर्बा दत्त को शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया।



महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदायी नहीं बना सकता। – दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## संबोधन



हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर शनिवार को शिमला में हिमाचल प्रदेश सचिवालय में कैबिनेट बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए।

# रिहाना ने अनंत अंबानी-राधिका के 'प्री वेडिंग' कार्यक्रम में मचाई धूम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जामनगर। मशहूर पॉप स्टार रिहाना ने अरबपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत और उनकी मंगेतर राधिका मर्चेंट के विवाह से पहले आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति से धूम मचा दी। रिहाना ने डायमंड्स, 'व्हेयर हैव यू बीन', 'रूड बॉय' और 'पोर इट अप' जैसे हिट गाने गाए। इस समारोह में शाहरुख खान–गौरी खान, रणवीर सिंह–दीपिका पादुकोण जैसी भारतीय फिल्म हस्तियां शामिल थीं। मशहूर गायिका श्रेया घोषाल और श्यामक डावर संगीत की धुन पर थिरकते नजर आए।

चमकीले हरे और गुलाबी रंग की शानदार पोशाक में रिहाना ने इस भव्य कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया और साथ ही वहां मौजूद लोगों से बातचीत भी की। अनंत अंबानी और उनकी मंगेतर राधिका मर्चेंट के विवाह से पूर्व तीन दिन का जश्न जामनगर शहर के पास रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के पास स्थित एक आवासीय टाउनशिप में किया जा रहा है। रिहाना ने समारोह में आमंत्रित करने के लिए अंबानी परिवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, अंबानी परिवार का आभार। मैं आज रात अनंत और राधिका के सम्मान में यहां हूं। मुझे बुलाने के लिए शुक्रिया। ईश्वर आप पर कृपा बनाएं रखें। अंबानी परिवार ने रिहाना को एक गुलदस्ता भेंट किया और उनके साथ फोटो खिंचवाई। वह शनिवार सुबह स्वदेश रवाना हो गईं। मीडिया में कुछ खबरों के मुताबिक रिहाना को प्रस्तुति के लिए 74 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

मेटा के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग उनकी पत्नी प्रिसिला चान, माइक्रोसॉफ्ट के सह–संस्थापक बिल गेट्स, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बेटी इवांका, कारोबारी गौतम अडाणी, नंदन नीलेकणी और अदार पूनावाला, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, एमएस धोनी, रोहित शर्मा, आध्यात्मिक नेता सद्गुरु जग्गी वासुदेव भी इस समारोह में शामिल हुए।

# गूगल प्ले स्टोर से कुछ भारतीय स्टार्टअप के ऐप हटाने पर सरकार का कड़ा रुख

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। गूगल के अपने प्ले स्टोर से कुछ ऐप हटाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए सरकार ने शनिवार को कहा कि भारतीय ऐप को हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। सरकार ने इस संबंध में गूगल और संबंधित स्टार्टअप को बैठक के लिए अगले सप्ताह बुलाया है। आईटी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पीटीआई–भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की कुंजी है और उनके भाग्य का फैसला किसी बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनी पर नहीं छोड़ा जा सकता है।

मंत्री की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है, क्योंकि गूगल ने शुक्रवार को सेवा शुल्क भुगतान पर विवाद को लेकर भारत में अपने प्ले स्टोर से एक लोकप्रिय 'मैट्रिमोनी' ऐप सहित कुछ ऐप को हटाना शुरू कर दिया था। इन ऐप और जानेमाने स्टार्टअप संस्थापकों ने इस पर आपत्ति जताई थी। वैष्णव ने इस मुद्दे पर गंभीर रुख अपनाते हुए कहा, भारत सरकार की नीति बहुत स्पष्ट है... हमारे स्टार्टअप को वह सुरक्षा मिलेगी, जिसकी उन्हें जरूरत है।

मंत्री ने कहा कि सरकार विवाद सुलझाने के लिए अगले सप्ताह गूगल और प्ले स्टोर से हटाए गए ऐप के डेवलपर से मुलाकात करेगी। वैष्णव ने कहा, मैंने पहले ही गूगल से बात की है... मैंने उन ऐप डेवलपर से भी बात की है, जिन्हें हटाया गया है। हम उनसे अगले हफ्ते मिलेंगे... इस तरह (ऐप को) हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि भारत ने 10 वर्षों में एक लाख से अधिक स्टार्टअप और 100 से अधिक यूनिकॉर्न का एक मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है। मंत्री ने कहा, युवाओं और उद्यमियों की ऊर्जा को सही दिशा देनी चाहिए और इसे बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनी की नीतियों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। इससे पहले गूगल ने शुक्रवार को कहा था कि कई जानी–मानी फर्मों सहित कई कंपनियां उसके 'बिलिंग' मानदंडों का उल्लंघन कर रही हैं। ये कंपनियां बिक्री पर लागू प्ले स्टोर सेवा शुल्क का भुगतान नहीं कर रही हैं।

गूगल ने चेतावनी दी थी कि वह गूगल प्ले पर ऐसे गैर–अनुपालन वाले ऐप को हटाने में संकोच नहीं करेगी। इसके बाद शुक्रवार को ही शादी डॉट कॉम, मैट्रिमोनी डॉट कॉम, भारत मैट्रिमोनी, बालाजी टेलीफिल्म्स का ऑल्ट (पूर्व में ऑल्ट बालाजी), ऑडियो मंच कुकू एफएम, डेटिंग सेवा क्वैक क्वैक और ट्रूली मैडली के ऐप प्ले स्टोर पर सर्च करने पर नहीं मिले। इंफो एज (इंडिया) लिमिटेड ने शनिवार को कहा कि उसके ऐप को गूगल प्ले स्टोर से हटा दिया गया है, लेकिन कुछ घंटों के भीतर कहा गया कि उनमें से कुछ ऐप को बहाल कर दिया गया है। कंपनी के संस्थापक संजीव बिखचंदानी ने दावा किया कि इंफो एज ने गूगल के सभी बकाया को चुका दिया है और उसकी नीतियों का पालन किया जा रहा है। उन्होंने एक भारतीय ऐप स्टोर की जरूरत पर भी जोर दिया।

क्वैक क्वैक के संस्थापक रवि मित्तल ने कहा कि कंपनी बाजार में वापस आने के लिए नियमों का पालन करेगी। इस संबंध में आईटी राज्य मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने कहा कि वह प्रतिस्पर्धा और स्टार्टअप को दबाने वाले गूगल के प्रभुत्व के बारे में चिंताओं को जाहिर करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को यह पता लगाना होगा कि क्या मौजूदा मुद्दा प्रभुत्व की स्थिति के दुरुपयोग से जुड़ा है। उन्होंने कहा, मैंने अतीत में गूगल के प्रभुत्व पर चिंता जताई है। यह भारत में 90 प्रतिशत से अधिक ऐप पारिस्थितिकी तंत्र को नियंत्रित करता है। हमें चिंता है कि उनका प्रभुत्व प्रतिस्पर्धा और स्टार्टअप को रोकता है।

गूगल ने कहा कि इन डेवलपर को तैयारी के लिए तीन साल से अधिक का समय दिया गया। इसमें उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद दिया गया तीन सप्ताह का समय भी शामिल है। गूगल ने कहा कि इसके बाद अब वह यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है, कि उसकी नीतियां सभी पर समान रूप से लागू हों।



# गुजरात के मुख्यमंत्री ने मंत्रियों और विधानसभा अध्यक्ष के साथ राम मंदिर के दर्शन किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



अयोध्या। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों और विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी ने अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में शनिवार को पूजा–अर्चना की। इस अवसर पर पटेल ने कहा कि गुजरात के श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या में यात्री निवास बनाया जाएगा, जिसके लिए राज्य के बजट में 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने मंदिर में अपनी यात्रा पर खुशी व्यक्त की और अनुभव को भावनात्मक बताया। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बयान में कहा कि पटेल के नेतृत्व में 25 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शनिवार सुबह एक विशेष विमान से महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पहुंचा। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने हवाई अड्डे पर भूपेन्द्र पटेल और उनके कैबिनेट सहयोगियों को माला पहनाकर स्वागत किया और अंगवस्त्र भेंट किए। बयान में कहा गया है कि मेहमानों के आगमन पर लोक कलाकारों ने उनके स्वागत में नृत्य किया। राम मंदिर दर्शन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए पटेल ने कहा, मुझे अपने मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों के साथ भगवान श्री राम के भव्य मंदिर के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। यह अवसर हम सभी के लिए बहुत भावनात्मक और श्रद्धापूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार ने गुजरात से अयोध्या जाने वाले लोगों के लिए एक विशेष आस्था ट्रेन शुरू की है, जिसके माध्यम से हजारों लोगों को रामलला के दर्शन करने का अवसर मिला है। पटेल ने कहा, हमने एक यात्री निवास बनाने का निर्णय लिया है ताकि यहां आने वाले श्रद्धालु रात में रुक सकें। इसके लिए राज्य के बजट में 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## 'मडगांव एक्सप्रेस' का टीजर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का टीजर रिलीज हो गया है। कुणाल खेमू फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का टीजर रिलीज हो गया है।इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है।कुणाल खेमू ने इंस्टाग्राम पर टीज़र साझा किया, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मडगांवएक्सप्रेस के लिए तैयार हो जाइए, पागलपन की विविधता के माध्यम से एक जंगली यात्रा । मडगांवएक्सप्रेसट्रेलर 05 मार्च को आएगा।

## उद्घाटन



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को गुवाहाटी के गणेशगुरी में कार भवन का उद्घाटन किया।

## पाकिस्तान ने चुनाव में कथित धांधली की जांच कराने का अमेरिका का सुझाव खारिज किया

वाशिंगटन। पाकिस्तान ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में अनियमितताओं की जांच कराने के अमेरिका के सुझाव को खारिज करते हुए कहा कि वह किसी बाहरी देश के आदेश के आगे नहीं झुकेगा। पाकिस्तानी विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने शुक्रवार को अपने साप्ताहिक प्रेस संबोधन में कहा, कोई भी देश स्वतंत्र और संप्रभु देश पाकिस्तान को निर्देश नहीं दे सकता। 'डॉन न्यूज' ने बलूच के हवाले से कहा, हम पाकिस्तान के आंतरिक मामलों के बारे में फैसला करने के अपने संप्रभु अधिकार में यकीन रखते हैं। बलूच ने विवादों से घिरे आम चुनाव में कदाचार के आरोपों के संबंध में अपने अमेरिकी समकक्ष की टिप्पणियों के जवाब में यह बयान दिया।

# ऋषि सुनक ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए भावुक अपील की

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने देश के लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक भावुक अपील करते हुए आगाह किया कि चरमपंथी ताकतें देश को तोड़ने और उसकी बहु–धार्मिक पहचान को कमजोर करने पर तुली हैं। अपनी हिंदू मान्यताओं का हवाला देते हुए ब्रिटिश भारतीय नेता ने शुक्रवार को कहा कि ब्रिटेन के स्थायी मूल्य सभी धर्मों और जातियों के प्रवासियों को स्वीकार करने के हैं और उन्होंने प्रदर्शनकारियों से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि चरमपंथी ताकतें शांतिपूर्ण प्रदर्शनों पर काबिज न हो जाएं।

सुनक ने प्रधानमंत्री कार्यालय सह आधिकारिक निवास '10 डाउनिंग स्ट्रीट' के बाहर एक भाषण में कहा, जो प्रवासी यहां आए हैं, उन्होंने एकजुट होकर योगदान दिया है।

# 'हीरामंडी' के प्रोमो में शरारा सूट में सोनाक्षी का जलवा

मुंबई/एजेन्सी



एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा की एक तस्वीर खासा सुर्खियों में है, जिसमें वो जलवा बिखेरती हुई नजर आ रही हैं। फिलहाल, अभिनेत्री अपनी आने वाली वेब सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाज़ार' के निर्माण में जुटी है। यह वेब सीरीज फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली की अगुवाई में बनाई जा रही है। यह भंसाली द्वारा बनाई गई पहली वेब सीरीज होगी। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कई तस्वीरें साझा की हैं जिसमें वो पेस्टल गुलाबी रंग का भारी जटिल शरारा सूट सेट पहनी हुई नजर आ रही है। अभिनेत्री ने इसके साथ मैचिंग वाला पारदर्शी दुपट्टा भी पहना है। तस्वीरों में अभिनेत्री सूक्ष्म मेकअप लुक के साथ नजर आ रही है। इसके अलावा अभिनेत्री के गुलाबी होंठ, स्मोकी आंखें, लाल और हाइलाइट किए हुए गाल हैं। उनके बाल लो बन में बंधे हैं, जिस पर सफेद गुलाब लगे हुए हैं। ऋचा चड्ढा ने पोस्ट पर टिप्पणी कर कहा कि बहुत सुंदर। ऋचा शो का हिस्सा भी हैं। श्रृंखला में मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख भी हैं। यह श्रृंखला 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल–पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित वेश्याओं और उनके संरक्षकों की कहानियों के माध्यम से एक चमकदार जिले हीरामंडी की सांस्कृतिक वास्तविकता की पड़ताल करती है। 'हीरामंडी: द डायमंड बाज़ार' का प्रीमियर जल्द ही नेटफ्लिक्स पर होगा।

# गौतम गंभीर के स्थान पर चुनाव लड़ सकते हैं अक्षय कुमार

मुंबई/एजेन्सी



टीम इंडिया के सदस्य रहे गौतम गंभीर ने राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया है। उन्होंने इस बारे में भाजपा अध्यक्ष जेपी नडडा से बातचीत की है। अब जो समाचार आ रहे हैं उनके अनुसार भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में दिल्ली के चाँदनी चौक से गौतम गंभीर के स्थान पर मनोरंजन उद्योग के स्थापित नाम अक्षय कुमार को लोकसभा चुनाव का टिकट दे सकती है।

समाचारों की मानें तो अक्षय कुमार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले हैं। कहा जा रहा है कि अभिनेता राजनीति के मैदान में उतरने को तैयार हैं और वह दिल्ली की चांदनी चौक सीट से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा के नेता और अक्षय कुमार के बीच चुनाव लड़ने को लेकर बातचीत जारी है। हालांकि इसे लेकर न तो अक्षय कुमार और न ही भाजपा की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने आया है। गौरतलब है कि अक्षय कुमार के भाजपा के संग अच्छे संबंध हैं। अक्षय कुमार की फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' का उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रचार किया था और वह लखनऊ में अपने मंत्री दल के साथ ये फिल्म देखने पहुंचे थे। इसके अलावा अक्षय ने कुछ साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इंटरव्यू किया था, जिसे लेकर वह काफी चर्चा में भी रहे थे। बात सिर्फ अक्षय कुमार की नहीं हो रही है, कहा यह भी जा रहा है कि भाजपा अभिनेत्री कंगना रनौत को भी राजनीति के मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है। कंगना रनौत को सम्भवत: वाराणसी से चुनाव लड़वाया जाएगा। हालांकि अभी तक इन दोनों सितारों को लेकर भाजपा ने कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। कंगना रनौत ने कई बार इसे लेकर संकेत भी दिया है। हाल ही में उन्होंने राजनीति में प्रवेश करने को लेकर कहा था कि यह सही समय है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि कंगना भी जल्द फैंस को सरप्राइज दे सकती हैं। अक्षय कुमार के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह इस वक्त अपकमिंग फिल्म 'बड़े मियां छोटे' मियां' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ टाइगर श्रॉफ हैं और ये फिल्म 9 अप्रैल को रिलीज होने वाली है।

# तमन्ना भाटिया ने काशी विश्वनाथ मंदिर में किए दर्शन

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड की जानी–मानी अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किया है। तमन्ना भाटिया इन दिनों बनारस में मौजूद हैं। इस दौरान उन्होंने 12 ज्योर्तिलिंग में से एक काशी विश्वनाथ के दर्शन भी किए हैं। तमन्ना भाटिया ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट तस्वीरों को साझा किया है। इन फोटो में वह वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में नजर आ रही हैं। अगली फोटो में तमन्ना भगवान शिव की ज्योर्तिलिंग को स्पर्श करती हुईं दिखाई दे रही हैं।अन्य फोटो में तमन्ना भाटिया बनारस की गलियों में घूमती हुईं दिख रही हैं। इन तस्वीरों के कैप्शन में उन्होंने हर हर महादेव भी लिखा है। तमन्ना भाटिया तेलुगु फिल्म ओडेला–2 में लीड रोल प्ले करती दिखेंगी। इस फिल्म की शूटिंग को लेकर वह फिलहाल बनारस में मौजूद हैं।बताया जा रहा है कि ओडेल 2 की ज्यादातर शूटिंग बनारस के हिस्सों में होनी है।



# 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब' का टीजर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स इंडिया की फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाब का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाब में वरुण शर्मा, सनी सिंह, मंजोत सिंह और जस्सी गिल की मुख्य भूमिका है।गुलशन कुमार और भूषण कुमार प्रस्तुत वाइल्ड वाइल्ड पंजाब को सिमरप्रीत सिंह ने निर्देशित किया है और लव रंजन और अंकुर गर्ग ने प्रोड्यूस किया है।

इस टीजर को शेयर करते हुए लिखा गया, चार बेस्ट फ्रेंड्स, एक ब्रेकअप और उनके लाइफ का सबसे बड़ा रोड़ ट्रिप, एडवेंचर तो इसी को कहते हैं।कहानी चार दोस्तो की है, जो अपने दोस्त की एक्स गर्लफ्रेंड से बदला लेने की सोचते हैं. लेकिन कहानी में एक मोड़ तब आता है जब बदला लेने गए दोस्त हिंसा, झगड़े, भागम भाग और पुलिस के मामले में उलझ जाते हैं। यह फिल्म जल्द ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है।

# फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' का टीजर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान की आने वाली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का टीजर रिलीज हो गया है करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' में सारा अली खान की मुख्य भूमिका है।

'ऐ वतन मेरे वतन' की कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो ने ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था।करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया पर 'ऐ वतन मेरे वतन' पर एक अपडेट पोस्ट किया। वीडियो में करण जौहर ने भारत के कुछ भूले–बिसरे हीरोज और उनकी अनकही कहानियों के बारे में बात की है। वह दर्शकों को 22 वर्षीय उषा नाम की एक साहसी लड़की से परिचित कराते हैं, जो 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ देश को एक साथ लाने के लिए एक अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन चलाती है और अपने देश के लिए खड़ी होती है। करण जौहर कहते हैं, 'शेरशाह' के पीवीसी कैप्टन विक्रम बत्रा, जिन्होंने अपने दुश्मनों के दिलों में डर पैदा किया और कारगिल युद्ध में अपनी जान दे दी और 'राज़ी' से सहमत सैयद, जिन्होंने जासूसी करने के लिए पाकिस्तानी सेना परिवार में शादी की। 21 मार्च को ऐ वतन मेरे वतन ऑन प्राइम में इस गुमनाम हीरो की कहानी देखें।'


कन्नन अय्यर के निर्देशन में बनी ए वतन मेरे वतन में सारा अली खान के अलावा सचिन खेडेकर, अभय वर्मा, स्पर्श श्रीवास्तव, एलेक्स ओ'नील और आनंद तिवारी भी हैं। 'ऐ वतन मेरे वतन' को करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा ने बनाया है। 'ऐ वतन मेरे वतन' 21 मार्च को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के कर्नाटक राज्य अनुदानित प्राथमिक शाला शिक्षक संघ द्वारा शनिवार को जयनगर स्थित आरवी टीचर्स कॉलेज के सभागार में शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

# पार्टी नेतृत्व से राजनीतिक दायित्वों से मुक्त करने का अनुरोध किया : गंभीर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नयी दिल्ली। दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद गौतम गंभीर ने शनिवार को कहा कि उन्होंने पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा से उन्हें राजनीतिक दायित्वों से मुक्त करने का अनुरोध किया है ताकि वह क्रिकेट संबंधी अपनी आगामी प्रतिबद्धताओं पर ध्यान दे सकें। पूर्वी दिल्ली से सांसद गंभीर ने उन्हें लोगों की सेवा करने का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार भी व्यक्त किया।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, मैंने पार्टी अध्यक्ष जे. पी. नड्डा से मुझे मेरे राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त करने का आग्रह किया है ताकि मैं अपनी आगामी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित कर सकूं। मुझे लोगों की सेवा करने का अवसर देने के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त करता हूं। जय हिंद। गंभीर ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब भाजपा में ऐसी अटकलें हैं कि आगामी आम चुनाव में पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से उनके स्थान पर किसी और को टिकट दिया जा सकता है।

भाजपा ने अभी दिल्ली में सात लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। पूर्वी दिल्ली सीट के लिए भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा, महासचिव हर्ष मल्होत्रा और प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु मित्तल समेत कई लोगों को संभावित उम्मीदवार बताया जा रहा है। गंभीर के करीबी लोगों के अनुसार, वह इस बार भी पूर्वी दिल्ली सीट से चुनाव लड़ने के लिए तैयार थे। हालांकि, उनके द्वारा अचानक लिए गए फैसले के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। सूत्रों ने दावा किया कि गंभीर ने बृहस्पतिवार को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी एल संतोष से मुलाकात की थी और शनिवार को सोशल मीडिया पर उनका पोस्ट इस बैठक का नतीजा हो सकता है। इस कदम से कुछ घंटे पहले गंभीर ने प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने में अपने योगदान के रूप में भाजपा को अपने चंदे की रसीद की तस्वीर 'एक्स' पर साझा की और सभी से इस अभियान में शामिल होने का अनुरोध किया था।

इस बीच, भाजपा की दिल्ली इकाई के नेताओं ने गंभीर को ऐसा नेता बताया जो राजनीति के प्रति गंभीर नहीं है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, वह वास्तव में कभी पार्टी से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय नहीं हुए। ज्यादातर वक्त, वह पार्टी के कार्यक्रमों, बैठकों और महत्वपूर्ण समारोहों से नदारद रहे तथा इसलिए ऐसा लगता है कि क्रिकेट अब भी उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने दावा किया कि गंभीर का कई मुद्दों को लेकर गांधी नगर से विधायक अनिल बाजपेयी से भी विवाद रहा है और इसके साथ ही गंभीर के अपने निर्वाचन क्षेत्र के नेताओं के साथ संबंध मधुर नहीं रहे। सांसद के रूप में गंभीर ने गरीबों को नि:शुल्क भोजन उपलब्ध करने के लिए एक सामुदायिक रसोई चलाने, पुस्तकालय खोलने और गाजीपुर कचरे के ढेर को हटाने पर ध्यान केंद्रित करने की अपनी पहलों को जोरदार ढंग से आगे बढ़ाया।

इसके साथ ही पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से 2020 के विधानसभा चुनाव और 2022 में दिल्ली नगर निगम चुनाव में पार्टी को सबसे अच्छे परिणाम मिले थे जिसका श्रेय भी गंभीर को दिया जाता है। भाजपा ने 2020 के विधानसभा चुनाव में आठ सीट पर जीत दर्ज की थी जिनमें से तीन गांधी नगर, विश्वास नगर और लक्ष्मी नगर पूर्वी दिल्ली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत आती हैं। पार्टी ने नगर निगम चुनाव में भी इस क्षेत्र में 36 में से 21 वार्ड में जीत दर्ज की थी। यह सात लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से पार्टी का सबसे अच्छा प्रदर्शन था।



# शिक्षकों का हमेशा सम्मान होना चाहिए : महेन्द्र मुणोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के कर्नाटक राज्य अनुदानित प्राथमिक शाला शिक्षक संघ द्वारा शनिवार को जयनगर स्थित आरवी टीचर्स कॉलेज के सभागार में शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में महेंद्र मुणोत एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन किया। कार्यक्रम में उत्तम शिक्षकों, सेवानिवृत शिक्षकों एवं मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुणोत ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के भविष्य के निर्माता है। उनका यह कर्तव्य बनता है की बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ अच्छे संस्कारों से पोषित करें। हम सभी का भी कर्त्तव्य बनता है कि शिक्षकों के गुणों का गुणगान करते हुए उनका सम्मान आदर करें।

# गणेश बाग में साध्वियों का दीक्षा जयंती समारोह आज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। उपप्रवर्तक श्री नरेशमुनिजी, मुनिश्री शालिभद्रजी, साध्वीश्री सत्यप्रभाजी, डॉ प्रतिभाश्रीजी, राजमतिजी के सान्निध्य में रविवार को दोपहर 2 बजे से गणेश बाग स्थानक में उपप्रवर्तिनी श्री चारित्रप्रभाजी का 55वां व उपप्रवर्तिनी डॉ श्री दर्शनप्रभाजी म.सा. का 49वां दीक्षा जयंती समारोह मनाया जाएगा। इस मौके पर संतों का प्रवचन होगा। गुरु ज्येष्ठ पुष्कर भक्तगण समूह के नेमीचन्द सालेचा व महावीर मेहता ने सभी गुरुभक्तों को इस कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन किया है।

# प्रभु भक्ति में मन लगाना ही जीवन का श्रेष्ठ कर्म : आचार्य वेदानंदशास्त्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर प्रवास पर आए आचार्यश्री वेदानंदशास्त्रीजी ने अपने प्रवचन में कहा कि इस भागदौड़ की जिन्दगी में भक्ति में मन लगाना जीवन का श्रेष्ठ कर्म है । गृहस्थाश्रम में रहते हुए भी प्रभु के चरणों में अनुराग रखने से ही भक्ति हो जाती है।

प्रत्येक मानव का धर्म है कि वह प्रभु भक्ति करें। चतुर्विध पुरुषार्थ की प्राप्ति के लिए भक्ति ही सबसे सरल उपाय है। भक्ति की प्राप्ति के लिए श्रद्धा अति आवश्यक है। संतश्री ने कहा कि उन्नति प्राप्ति करने के लिए सभी लोग व्यापार व मेहनत करते है लेकिन उन्नति सभी को नहीं मिलती परन्तु उस व्यक्ति को अवश्य ही मिलती है जो प्रभु भक्ति में श्रद्धा रखता है।

प्रभु का सान्निध्य व्यक्ति की व्याकुलता को समाप्त कर देता है। जो व्यक्ति अपने माता पिता की सेवा व अनुराग करता है उसका जीवन श्रेष्ठ है। जो श्रेष्ठ है उसे प्रभु चरणों का अनुराग है।

## मेला



रांची के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) में शनिवार को कृषि मेले के दौरान कृषि उत्पादों को देखते आगंतुक।

# श्याम निशान यात्रा आज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के महिला भक्ति मंडल द्वारा फाल्गुन माह के उपलक्ष्य में विराट निशान यात्रा का आयोजन रविवार को किया जा रहा है। मंडल की सदस्याओं ने बताया कि इस बार चांदी और कपड़े के मिलाकर करीब 121 निशान बाबा को अर्पित किए जाएंगे । गोट्टीगेरे शिवमंदिर से निशान यात्रा प्रारंभ होगी तथा बन्नरघट्टा रोड स्थित श्याम मंदिर में निशान अर्पण किए जाएंगे।



# साध्वी गुरुआज्ञानिधिश्री का चातुर्मास कुमारापार्क जैन संघ में घोषित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कुमारापार्क के मुनिसुव्रत स्वामी जैन संघ के पदाधिकारियों ने आचार्यश्री अभयशेखर सूरीश्वरजी से अपने संघ में साध्वीश्री गुरुआज्ञा निधिश्रीजी के चातुर्मास के लिए निवेदन किया था।

शनिवार को आचार्यश्री साध्वीश्री के कुमारापार्क संघ में चातुर्मास की घोषणा की। चातुर्मास की घोषणा होते हुए संघ में उल्लास का माहौल है। संघ के अध्यक्ष प्रकाशचन्द राठौड़ ने गुरुदेव के प्रति कृतज्ञता एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संघ के कोषाध्यक्ष अशोक पोरवाल, सहमंत्री मुकेश बाफ़ना, श्रेणिकभाई जैन, राजू साकरिया आदि उपस्थित थे।

# समय के सदुपयोग से ही जीवन सफल होता है : महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



राणेबेन्नूरु। शहर के सुमतिनाथ जैन मूर्तिपूजक संघ में आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी व नूतनमुनि ओमपद्मसागरजी का आगमन हुआ। आचार्यश्री ने प्रभु के दर्शन के पश्चात घेवरचंद राजेश कोठारी के निवास पर पगलिया हुआ।

हरिहर में एक स्कूल में रुकने पर आचार्यश्री ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में समय का व्यवस्थित निवेश करने से जीवन जीने का अनुशासन आता है। समय का हम जैसा निवेश करते हैं उसी तरह के जीवन का निर्माण होता है।

जीवन में आस्तिकता, शांति, आनंद, प्रसन्नता पाना है तो जीवन में समय के मूल्य को समझकर उसको सार्थक कार्यों में लगाना होगा। आत्माकल्याण और जीवन निर्माण के लिए अनुकूल समय का इंतजार न करते हुए समय के अनुकूल होकर हमें कार्य करना चाहिए। समय के सदुपयोग से ही जीवन सफल होता है।

# डॉ. विश्वास मेहता ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को अपनी पुस्तक अति जीवनम की प्रति भेंट की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तिरुवनंतपुरम। केरल के पूर्व मुख्य सचिव और प्रदेश के निवर्तमान मुख्य सूचना आयुक्त तथा दक्षिणी राजस्थान के डूंगरपुर मूल के निवासी डॉ विश्वास मेहता ने मलयालम भाषा में लिखी अपनी पुस्तक अति जीवनम (सर्वाइवल) की एक प्रति केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को तिरुवनंतपुरम में मुख्यमंत्री निवास जाकर भेंट की। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने डॉ विश्वास मेहता के इस सराहनीय प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए केरल के मुख्य सचिव और प्रदेश के निवर्तमान मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में चालीस वर्षों तक दी गई उनकी सेवाओं में स्थापित किए गए कई अनुकरणीय आयामों को सराहा। उन्होंने यह भी कहा कि कोविड 19 के कालखण्ड में डॉ विश्वास मेहता ने रात दिन काम कर प्रदेश की जनता की जो सेवा की उसे कभी भुलाया नही जा सकता।

मुख्यमंत्री विजयन ने कहा कि वैसे तो कई ब्यूरोक्रेटस अपनी पुस्तके लिखते है लेकिन डॉ विश्वास मेहता ने अपनी कर्म भूमि केरल की आधिकारिक भाषा मलयालम में किताब लिखकर और उसमें अनेक प्रेरणादायी संस्मरणों का संग्रह कर सभी का दिल जीत लिया है। वे बहुत अच्छी मलयालम भी बोलते और लिखते है। मुख्यमंत्री विजयज ने उम्मीद जताई कि राजस्थान के एक छोटे से नगर डूंगरपुर के गरीब परिवार से बाहर निकल कर और सिविल सेवाओं के उच्चतम शिखर तक पहुंच कर डॉ विश्वास मेहता ने एक मिसाल कायम की है।

मुझे विश्वास है कि अपने प्रशासनिक अनुभवो के निचोड़ के रूप में आई उनकी यह पुस्तक प्रशासनिक सेवाओं में आने वाले युवाओं का पथ प्रदर्शक बनेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री विजयन की धर्म पत्नी कमला विजयन और डॉ विश्वास मेहता धर्म पत्नी प्रीति मेहता भी मौजूद थी । पिछली 19 फरवरी को केरल के राज्यपाल डॉ आरिफ मोहम्मद खान द्वारा केरल राजभवन में डॉ विश्वास मेहता की पुस्तक अति जीवनम का लोकार्पण हुआ था। तीन सौ से अधिक पृष्ठों की इस पुस्तक की भूमिका पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस ने लिखी हैं,जोकि डॉ विश्वास मेहता के प्रथम कलक्टर रहे हैं। डॉ विश्वास मेहता ने गुरुवार को सायं केरल के मुख्य सूचना आयुक्त का तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया।

इस संवैधानिक पद की शपथ लेने से पूर्व वे केरल के मुख्य सचिव थे । उनकी उल्लेखनीय सेवाओं को देखते हुए सरकार द्वारा उन्हें सेवानिवृति के बाद तीन वर्ष का यह विशेष दायित्व दिया गया था ।



# धर्म व गुरु आज्ञा से जीवन होता है सफल : आचार्य विमलसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। 'इस व्यस्तम युग में मानव को धन के लिए नहीं अपितु धर्म के लिए कार्य करना चाहिए। व्यक्ति को अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाहन करना चाहिए और युवा वर्ग को मादक पदार्थों के सेवन से हमेशा दूर रहना चाहिए और जीवन में सदकर्म करते हुए हमेशा गुरु आज्ञा में चलना चाहिए। जो व्यक्ति धर्म व गुरु की आज्ञा के अनुसार चलते है तो जीवन का कल्याण होता है।' यह विचार आचार्यश्री विमलसागरसूरीश्वरजी ने होसूर रोड स्थित ग्रीनेज अपार्टमेन्ट में व्यक्त किए। शैलेंद्र छाजेड़ ने बताया कि आचार्यश्री ने होसूर रोड से विहार कर आड़गुड़ी की विहार किया। शनिवार अल्लसुबह आचार्यश्री से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में पुरुष-महिला श्रद्धालु उपस्थित थे।

# जयंत सिन्हा ने लोकसभा चुनाव न लड़ने की इच्छा जताई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नयी दिल्ली। पूर्व मंत्री और हजारीबाग से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद जयंत सिन्हा ने शनिवार को कहा कि उन्होंने पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा से प्रत्यक्ष चुनावी कर्तव्यों से उन्हें मुक्त करने का अनुरोध किया है और इसी के साथ वह आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने वाले नेताओं में शामिल हो गए हैं। सिन्हा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह आर्थिक और शासन संबंधी मुद्दों पर पार्टी के साथ काम करना जारी रखेंगे।

कहा जा रहा है कि भाजपा कई नए नेताओं को टिकट देने पर विचार कर रही है और कुछ अन्य मौजूदा सांसदों ने भी पार्टी से कहा है कि वे अन्य संगठनात्मक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहेंगे।

इससे पहले दिन में भाजपा के पूर्वी दिल्ली से सांसद गौतम गंभीर ने भी कहा कि उन्होंने पार्टी से उन्हें राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त करने के लिए कहा है ताकि वह अपनी आगामी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित कर सकें। सिन्हा ने आगामी लोकसभा चुनाव न लड़ने की इच्छा जताई और कहा कि वह अपना पूरा ध्यान भारत तथा पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने पर केन्द्रित करना चाहते हैं।

उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मुझे पिछले दस वर्षों में भारत और हजारीबाग के लोगों की सेवा करने का सौभाग्य मिला। इसके अलावा मुझे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, माननीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा नेतृत्व ने कई अवसर दिए। सभी का हृदय से आभार। जय हिन्द।

# वीडियो पत्रकार के खिलाफ एफआईआर नहीं : तमिलनाडु पुलिस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई । तमिलनाडु की ग्रेटर चेन्नई पुलिस ने कहा कि वीडियो पत्रकार के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं किया गया है, जैसा कि एक पत्रकार समूह ने आरोप लगाया है। पुलिस ने कहा कि एक शिकायत के आधार पर, उन्होंने निजी टेलीविजन चैनल के कैमरापर्सन टी.आर.सेंथिल कुमार के खिलाफ एक सामुदायिक सेवा रजिस्टर (सीएसआर) जारी किया है।

पत्रकारों के एक समूह ने वीडियो पत्रकार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार रात चेन्नई सिटी पुलिस आयुक्त कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया था। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग रैकेट के संबंध में तमिल फिल्म निर्माता और डीएमके एनआरआई सेल नेता (जिन्हें बाद में पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था) ए.आर.जाफ़र सादिक के कार्यालय पर छापा मारा था। 29 फरवरी को छापेमारी के दौरान, सेंथिल कुमार ने जाफ़र सादिक के कार्यालय के अंदर के कुछ दृश्य लिए, इससे बाहर इंतज़ार कर रहे डीएमके कुछ कार्यकर्ता क्रोधित हो गए।

उन्होंने कथित तौर पर सेंथिल कुमार के साथ मारपीट की, जिन्हें बाद में रोयापेट्टा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस ने सेंथिल कुमार की शिनाख्त पर कुछ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जाफ़र सादिक पर एक ड्रग सिंडिकेट के सह-साजिशकर्ताओं में से एक होने का आरोप है, जिसके ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में संबंध हैं।

# शहबाज शरीफ का पाक का प्रधानमंत्री बनना तय



इस्लामाबाद। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के शीर्ष नेता शहबाज शरीफ का चुनावों में धांधली के आरोपों और लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था तथा सुरक्षा चुनौतियों के बीच रविवार को देश का 33वां प्रधानमंत्री बनना तय है। पीएमएल-एन तथा पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के संयुक्त उम्मीदवार शहबाज ने अपना नामांकन सौंप दिया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के उनके प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज (72) पाकिस्तान के तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ (74) के छोटे भाई हैं। नेशनल असेंबली के सचिवालय के अनुसार, नए प्रधानमंत्री का चुनाव करने के लिए नेशनल असेंबली में रविवार को मतदान होगा।

सफल उम्मीदवार को सोमवार को राष्ट्रपति आवास ऐवान-ए-सद्र में पद की शपथ दिलायी जाएगी। शहबाज को पंजाब प्रांत का मुख्यमंत्री रहने के दौरान बड़ी विकास परियोजनाओं को तेजी से लागू करने के कारण एक कुशल प्रशासक माना जाता है।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com